e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 12

शुक्रवार

12.01.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने तरीके खुद बनाएं, दूसरों के रास्ते पर न चलें।

## क्विक न्यूज

### दिल्ली-एनसीआर में हिली धरती

**नई दिल्ली :** दिल्ली एनसीआर में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. दिल्ली-एनसीआर में काफी देर तक भूकंप के झटके महसूस महसूस किए गए. डर की वजह से लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल गए. भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में रहा।अफगानिस्तान में गुरुवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप के झटके उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 50 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काबुल से 241 किलोमीटर उत्तर उत्तरपूर्व में था.भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई. दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने भूकंप के झटके महसूस होने की बात कही.पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में 6.0 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए.

### अयोध्या-अहमदाबाद के बीच विमान सेवा का हुआ शुभारंभ

**नई दिल्ली :** अयोध्या-अहमदाबाद के बीच गुरुवार को विमान सेवा का शुभारंभ किया गया। अहमदाबाद से इंडिगो की पहली फ्लाइट को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित सरकारी आवास से वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। दोनों शहरों के बीच यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन मिलेगी।इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय में पत्रकारों से कहा कि आगामी 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य एवं नव्य अयोध्या बनाई है। उनके सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना एक रिकॉर्ड है। अहमदाबाद और अयोध्या के बीच इंडिगो की फ्लाइट सेवा के शुभारंभ पर सभी को बधाई देते हुए सिंधिया ने कहा कि इस फ्लाइट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात और आध्यात्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्यूनतम | 10° |

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 : इंदौर व सूरत देश के सबसे स्वच्छ शहर घोषित

# स्वच्छता अभियान में सफाई मित्र की अहम भूमिका : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से देश के सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापक भागीदारी के साथ किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण और पुरस्कार समारोह भी स्वच्छता के स्तर को ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने 'स्वच्छता से संपन्नता' की राह पर आगे बढ़ने के लिए सभी की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छता अभियान महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर पैदा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सफाई मित्र हमारे स्वच्छता अभियान में अग्रिम पंक्ति के सैनिक रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मशीनीकृत सफाई के माध्यम से मैनहोल को खत्म करके और मशीन-होल के माध्यम से स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करके ही हम एक संवेदनशील समाज के रूप में अपनी सही पहचान बना सकेंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर प्रसन्न हुई कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अपशिष्ट प्रबंधन में चक्रीयता पर जोर दिया जा रहा है।




### स्वच्छ राज्य में महाराष्ट्र प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय व छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर

इंदौर के साथ-साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मध्य प्रदेश को भी देश का दूसरा सबसे स्वच्छ राज्य चुना गया है. देश का सबसे स्वच्छ राज्य महाराष्ट्र बना है. मध्य प्रदेश को मिले स्वच्छता अवॉर्ड को लेने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मंच पर पहुंचे. देश का तीसरा सबसे स्वच्छ राज्य छत्तीसगढ़ बना है.स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मध्य प्रदेश की जनता के लिए गर्व के पल दिए हैं. मालूम हो कि बीजेपी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय पहले ही ये ऐलान कर चुके थे कि इस बार भी इंदौर ही देश का सबसे स्वच्छ शहर बनेगा. ऐसे में टीम इंदौर की तरफ से वो दिल्ली में आयोजित किए गए कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे.

**2023 में मध्य प्रदेश को भी देश का दूसरा सबसे स्वच्छ राज्य चुना गया है**

**राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापक भागीदारी के साथ किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण और पुरस्कार समारोह भी स्वच्छता के स्तर को ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

### सातवें आसमान पर अपना इंदौर: सीएम

एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर सहित प्रदेशवासियों को इस सम्मान के लिए बधाई दी है। उन्होंने अपने ट्वीट संदेश में कहा कि स्वच्छता के सातवें आसमान पर अपना इंदौर इंदौरवासियों ने पुनः यह सिद्ध कर दिया है कि स्वच्छता न सिर्फ उनकी आदत बन चुकी है, बल्कि अब उनकी सोच में भी स्वच्छता ही है। स्वच्छता की इस सबसे बड़ी उपलब्धि पर मैं समस्त प्रदेशवासियों एवं स्वच्छता के कार्य में लगी पूरी टीम को बधाई देता हूं एवं अपील करता हूं कि स्वच्छता के लिए आपका यह जुनून कभी कम न हो। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सदैव कटिबद्ध है।

झारखंड : पथ व भवन निर्माण विभाग के उपलब्धियों की प्रधान सचिव ने दी जानकारी

# चार साल में बनी 5200 किलोमीटर सड़क


*** झारखण्ड भवन सहित कई अन्य भवन का निर्माण जल्द होगा पूर्ण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा है कि बीते चार सालों में मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश में पूरे राज्य में पथ निर्माण विभाग और भवन निर्माण विभाग ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि लंबित योजनाओं को पूर्ण करने के साथ नई योजनाओं की स्वीकृति और पूर्व की योजनाओं को पूर्ण कर जनता को सौंपा जा चुका है। वे गुरुवार को सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के सभागार में विभाग की उपलब्धियों की जानकरी मीडिया को दे रहे थे। प्रधान सचिव ने बताया कि बीते चार सालों में विभाग ने 95 फीसदी बजट की राशि का व्यय किया है। वर्तमान समय में भी अब तक वित्तीय वर्ष 2023-24 के विरुद्ध 60 प्रतिशत राशी व्यय की जा चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में कुल 17 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 14 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 2000 किलोमीटर सड़क नेशनल हाईवे के माध्यम से बनाई जा रही है। राज्य सरकार की ओर से कुल 5200 किलोमीटर सड़क निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4600 किलोमीटर की सड़क निर्माण जारी है। उन्होंने बताया कि 283 योजनाएं वर्तमान में विभाग की ओर से चलाई जा रही हैं। अब तक विभाग की ओर से 398 बड़े पुल-पुलिया का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं बीते चार सालों में 525 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी कुल दूरी 6500 किलोमीटर है।

### कई सड़क योजनाओं को एनएचएआई के माध्यम से कराया जा रहा है

सचिव ने बताया कि राज्य में कई सड़क योजनाओं को एनएचएआई के माध्यम से कराया जा रहा है। राज्य सरकार की सकारात्मक पहल की वजह से एनएचएआई के माध्यम से 40 हजार करोड़ की सड़क योजनाओं पर राज्य में काम हो रहा है। वहीं भारतमाला परियोजना पर 2500 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों की सड़कों का भी विकास किया जा रहा है। रांची के इनर रिंग रोड के 10 पार्ट में से कुल तीन पार्ट को स्वीकृति दी जा चुकी है। 194 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। वहीं रिंग रोड की कनेक्टिविटी पर काम किया जा रहा है और कई कनेक्टिंग रोड की स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है।



### फ्लाईओवर का काम प्रगति पर

फ्लाईओवर के बारे में जानकारी देते हुए सचिव ने कहा कि कांटाटोली से सिरमटोली को जोड़ने की स्वीकृति दी जा चुकी है। वहीं हरमू फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर भी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इसके साथ ही कई अन्य शहरों में भी फ्लाईओवर निर्माण पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार की पहल से राज्य में एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर, टूरिस्ट एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर भी पर काम किया जा रहा है। साथ ही वर्ल्ड बैंक के सहयोग से भी सड़क बना रहे हैं। करमटोली एलिवेटेड रोड का डीपीआर लगभग तैयार है।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजीव लोचन बख्शी सहित पथ निर्माण एवं भवन निर्माण विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झारखण्ड भवन सहित कई अन्य भवन का निर्माण जल्द होगा पूर्ण

विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग की ओर से राज्य में और राज्य के बाहर भी कई भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इनमे से ज्यादातर भवनों के निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में 2 नये मेडिकल कॉलेज 500 शैय्या वाले अस्पताल, सामुदायिक केन्द्र, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, अनुमंडलीय अस्पताल, बोकारो मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक डिग्री कॉलेज के साथ-साथ पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न टूरिस्ट स्पॉट, कृषि पशुपालन विभाग के कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। इसके लिये भवन निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से भी विभिन्न विभागों की बिल्डिंगों का निर्माण सुनिश्चित किया जाता है। विभाग ने 2022-23 में 603 करोड़ के बजट के विरुद्ध 96 प्रतिशत से ज्यादा व्यय भवन निर्माण पर किया था। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में विभाग ने 76 प्रतिशत व्यय अब तक किया है।

# कुख्यात अपराधी अमन साव गिरोह के छह गुर्गे गिरफ्तार, जेल




संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र

**लातेहार:** पुलिस ने कुख्यात अपराधी अमन साव गिरोह के छह गुर्गे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि जेल से कुख्यात अपराधकर्मी अमन साव अपने सहयोगी मयंक सिंह एवं जेल में ही बन्द सहयोगी अपराधकर्मी आशीष कुमार साव उर्फ विशाल जी उर्फ पकौड़ी के साथ मिलकर अपने गिरोह का संचालन कर रहा है। अमन साव एवं मयंक सिंह के कहने पर बालूमाथ थाना अन्तर्गत ग्राम कुरियाम खुर्द का रहने वाला रोहित कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है।अमन साव के कहने पर रोहित कुमार अपने कुछ सहयोगी अपराधकर्मी के साथ मिलकर बालूमाथ थाना क्षेत्र में व्यवसायी या ठिकेदार के यहाँ रंगदारी नहीं देने के बदले हत्या एवं आगजनी करने की योजना करमकटवा जंगल, कुरियाम खुर्द में बना रहे हैं उक्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस निरीक्षक बालूमाथ अंचल शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त गठित छापामारी टीम द्वारा करमकटवा जंगल, कुरियाम खुर्द में छापामारी कर 1. रोहित कुमार, उम्र- करीब 24 वर्ष, पिता- रामनरेश साव, 2. सुजीत यादव उर्फ गोला, 24 वर्ष, पिता- रामखेलावन यादव, 3. मनोहर यादव, 27 वर्ष पिता- अवधेश यादव 4. सरहुली भूईयाँ 33 वर्ष, पिता- पुसन भूईयाँ चारों सा0- कुरियाम खुर्द, 5. इब्राहिम अंसारी उर्फ गुड्डू, 32 वर्ष, पिता जैनुल मियाँ, सा0- लेजांग, सभी थाना- बालुमाथ एवं 6. सनोज यादव, 19 वर्ष, पिता- योगेश्वर यादव, आरागुण्डी लातेहार, को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा दिनांक 20-8-2023 कि रात्रि को डीवीसी परियोजना तुबेद कोल माइंस के कांटा घर में आगजनी एवं गोली बारी की घटना कारित किया गया है। दिनांक 06.11.2023 को समय करीब 11बजे दिन में टंडवा थाना अन्तर्गत ग्राम रक्सी स्थित सनुवर्ष रेल टेक प्रा0 लि0 के साईट पर बोलेरो वाहन में सवार साईड इंजिनियर को लक्ष्य कर गोली बारी की घटना को अंजाम दिया तथा दिनांक-14. 11.2023 की संध्या को बुकरू, बालुमाथ स्थित साई कृपा कंसट्रक्शन के कार्य में लगे हाईवा के उपर गोली बारी की घटना को अंजाम दिये हैं इनके निशानदेही पर इन घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार (दो पिस्टल), जिन्दा गोली एवं मोबाइल फोन, राऊटर बरामद किया गया है।

### मणिपुर : गोलीबारी में चार की मौत

**इंफाल :** मणिपुर में एक बार फिर बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों के सीमावर्ती गांवों में गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई। शुरू में चार लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई थी, लेकिन गुरुवार को पुलिस ने चारों के शव मिलने की सूचना दी है।बिष्णुपुर के कुंबी पुलिस थाने के अनुसार हिंसा की यह घटना बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिले की सीमा पर स्थित हाउतक फाइलेन गांव में हुई। बिष्णुपुर जिले के हाउतक फाइलेन गांव में मैतेई समुदाय के लोग रहते हैं।

# समन मामले में कैबिनेट सचिव ने ईडी को लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय के साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को किये गए समन पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने ईडी को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर उन मामलों की जानकारी मांगी है, जिनमें साहिबगंज के उपायुक्त राम निवास यादव को समन किया गया है।सूत्रों के अनुसार ईडी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उस एफआईआर के बारे में अस्पष्टता है, जिसमें डीसी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को समन किया गया था।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले भी डीजीपी ने ईडी को ऐसा ही पत्र लिखा था, जब केंद्रीय एजेंसी ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज में तैनात दो डीएसपी प्रमोद मिश्रा और राजेंद्र दुबे को तलब किया था।दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक में गत 9 जनवरी को एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें कोई भी बाहरी जांच एजेंसी के बुलावे पर अब झारखंड के पदाधिकारी को सीधा जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने को नहीं कहा गया है।







# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से होगा शुरू

*** वित्त मंत्री सीतारमण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट करेंगी पेश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नई दिल्ली :** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी केंद्रीय बजट होगा। साथ ही 17वीं लोकसभा का ये आखिरी सत्र भी होगा।आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फ़रवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और अंतरिम बजट एक फ़रवरी को पेश होगा। जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्री बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का मनाया गया जन्मदिन

**रांची ।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष झारखंड बाबूलाल मरांडी का जन्म दिवस बच्चों से केक कटवाकर मनाया गया एवं उनके लंबी आयु की कामना की गई । जन्मदिवस कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा केक कटवाकर किया गया एवं बच्चों के बीच केक वितरण किया गया ।जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया । मिश्रा ने बाबूलाल जी को स्वस्थ रहने एवं लंबी आयु की कामना की । कार्यक्रम में अशोक पुरोहित , लंकेश सिंह , गोपाल पारीक , अमित कुमार , राहुल सिन्हा चंकी , पीयूष आनंद , प्रभात कुमार रथ , टिंकू महतो , साहिल कुमार सहित दर्जनों लोगो ने बाबूलाल जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी ।

### सदर थाना क्षेत्र में मंदिर के दानपेटी से चोरी

**रांची ।** बरियातू थाना क्षेत्र के राम मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना के बाद मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया था। रांची पुलिस इस मामले को सुलझा न सकी वहीं दूसरा मामला सदर थाना क्षेत्र के मंदिर में चोरों ने दानपेटी समेत कई सामानों को चुरा लिया है। मंदिर में चोरी की लगातार आ रही घटनाओं से लोगों में आक्रोश साफ देखा जा रहा है। वहीं रांची के एक अन्य मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांट में जुट गई है। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले है पुलिस के मुताबिक मामले में जल्द इसका खुलासा किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, सीटीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध नजर आ रहे है। फिलहाल पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। बरियातू में स्थित राम जानकी मंदिर में चोरों ने मंदिर में तोड़फोड़ और चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिससे पूरे शहर में लोगों के बीच आक्रोश देखने को मिला।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी ,पूर्व मुख्यमंत्री, राजसभा सांसद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और दिशुम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ आवासीय परिसर में मनाया गया । सबसे पहले दिशूम गुरु शिबू सोरेन अपनी पत्नी रुपी सोरेन, पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन , विधायक बहू सीता सोरेन, कल्पना सोरेन सहित परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर घर में केक काटकर अपना अस्सी वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर राजसभा सांसद डा महुआ माजी, प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, महासचिव विनोद पांडेय भी मौजूद रहे। वही तुरंत बात अपने आवास के बाहर परिसर में पुत्र व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 80 पाउंड का केक काटकर पिता श्री दिशुम गुरु शिबू सोरेन का अस्सी वां जन्मदिन अपने कार्यकर्ताओं के बीच सेलिब्रेट किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन का अस्सी वां जन्मदिन है, स्वस्थ बहुत अच्छा नहीं रहने का कारण उन्होंने परिवार के बीच की काटा है ।

बाहर जनता के बीच हम सबों ने मिलकर के काटा है और यह जनता का प्यार है कि आज सब लोग मिलकर उनका अस्सी वां जन्मदिन मना रहे हैं। राज्य की जनता का प्यार है कि आज हम लोग सब मिलकर यह खुशियां मना रहे हैं, यह खुशियां आगे भी बरकरार रहे और राज्य की जनता भी खुशहाल रहे । इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन, स्टीफन मरांडी, पद्मश्री मधु मंसूरी, महासचिव विनोद पांडेय, प्रवक्ता मनोज पाण्डेय, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुस्ताक आलम , हेमलाल मुर्मू, जितेंद्र गुप्ता, संजय, अजीत नायक, परवेज, समीम, अफताब, रीना तिर्की, अंतु तिर्की,लाडले खान सहित विभिन्न जिलों से झामुमो कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और ढ़ोल मांदर के बीच जन्मदिन मनाया गया।



# केंद्र सरकार पिछले दस वर्षों के अपनी नाकामी को छुपाने के लिए धर्म का सहारा ले रही है : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की एक दिवसीय बैठक राज्य कार्यालय में पशुपति कोल की अध्यक्षता में हुई । जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य महेंद्र पाठक उपस्थित थे । सर्वप्रथम कानन राजेंद्रन, महावीर मांझी ,जगलाल सिंह वासुदेव आचार्य, के निधन पर 2 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । बैठक के बाद प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कागो , ने कहा कि देश में बेकारी, भुखमरी, लाचारी, बेरोजगारी ,महंगाई, चरम पर है । केंद्र सरकार दस 10 वर्षों के मोदी सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए धर्म के सहारा ले रही है । जबकि देश में 80त्न लोग 5 किलो पर जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। देश में आम लोगों की क्रय क्षमता समाप्त हो चुकी है । देश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है । लेकिन मंदिर मस्जिद के नाम पर भारतीय जनता पार्टी राजनीति कर रही है। उनकी असली चाल को देश की जनता समझ चुकी है और आने वाले दिन में इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए देश की जनता तैयार है । भाजपा को लोकसभा के चुनाव में जनता सता से बेदखल करेगी । राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए कई सीटों पर तैयारी की जा रही है । इंडिया गठबंधन के घटक होने के नाते इंडिया गठबंधन के तहत पार्टी चुनाव लड़ना चाहती है। अबिलंव गठबंधन की बैठक कर सीट शेयरिंग पर विचार करना चाहिए । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया पार्टी की सदस्यों की संख्या बढ़ाने, पार्टी संगठन को मजबूत बनाने , जन संगठनों को मजबूत करने और चरणबद्ध तरीके से जनता की जन समस्याओं को लेकर जन आंदोलन विकसित करने का निर्णय लिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा जाएगा। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता राज्य सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव अजय कुमार सिंह विष्णु कुमार कन्हाई मल पहाड़िया पशुपति कॉल अंबुज ठाकुर महादेव राम प्रकाश रजक राजेंद्र प्रसाद यादव गणेश महतो स्वयंवर पासवान बनवारी साहू इंद्रमणि देवी प्रिया प्रवीण शंभू महाली दीप नारायण यादव लखन लाल महतो एटक के अशोक यादव शामिल थे।




# श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज महगामा विधायक श्रीमती दीपिका पांडेय के पिता दिवंगत अरुण पांडेय जी के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकलांग को ट्राई साइकिल प्रदान किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के रातू रोड निवासी अमृत कुमार पासवान को ट्राई साइकिल प्रदान कर उसका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण सरकार का संकल्प है। दिव्यांग जनों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की कई योजनाएं हैं। इसी कड़ी में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से दिव्यांग जनों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिव्यांग जनों की हौसला अफजाई के लिए समाज आगे आए, ताकि वे भी विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर अपना योगदान कर राज्य के विकास में भागीदार बन सकें।



# 22 जनवरी को पूरे राज्य में अवकाश घोषित रहे : संजय पोद्दार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य पोद्दार झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार ने 22 जनवरी को पूरे राज्य में सरकारी ,गैर सरकारी संस्थान, एवं सभी स्कूल, कॉलेज, में अवकाश घोषित करने की मांग की है। 500 वर्षों के प्रतीक्षा के बाद 22 जनवरी को भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण का वह पल जब प्रभु श्री राम अपने गर्भ गृह में विराजमान होंगे। इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह देश के 144 करोड लोग बनने के लिए उत्साहित हैं ।22 जनवरी को पूरे दिन यह कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का सभी साक्षी बनेंगे भारत ही नहीं पूरा विश्व उस दिन राम में होगा। भारत के सभी शहर, गांव पंचायत ही नहीं उस दिन हर घर में दिवाली, होली ,और रामनवमी मनाई जाएगी। साथ ही 22 जनवरी को शराब दुकान सहित सभी मांस ,मछली की दुकान भी बंद होनी चाहिए, क्योंकि उस दिन सभी मंदिरों में घरों में पूजा अनुष्ठान होनी है। भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली जाएगी । उस दिन किसी न किसी धार्मिक अनुष्ठान में लोग लगे रहेंगे । उस दिन की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए शराब और मांस, मछली की दुकान बंद रखा जाए साथ ही प्रशासन और सरकार को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उपद्रवी तत्वों पर प्रशासन नजर रखें । पुलिस गश्ती के साथ हर चौक चौराहा पर मंदिरों के आसपास विशेष पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# केंद्र सरकार के दस वर्षों की कहानी अन्याय से शुरू होकर अन्याय पर खत्म होगी: गुलाम अहमद मीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि यदि केंद्र सरकार के पिछले दस वर्षों की कहानी लिखी जाए तो वह अन्याय से शुरू होकर अन्याय पर खत्म होगी।

केंद्र सरकार ने अन्याय और अत्याचार की सारी सीमाएं लांघ कर एक ऐसी क्रूर और निर्मम व्यवस्था को जन्म दिया है, जहां देश का गरीब स्वाभिमान के साथ दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। मीर गुरुवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में न सिर्फ आम इंसान का जीवन मुश्किल कर दिया, बल्कि लोकतंत्र का गला घोंटने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां एक तरफ बेतहाशा बेरोजगारी युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कमरतोड़ महंगाई गरीबों और मध्यम वर्ग का जीवन बेहद मुश्किल बना रही है। उन्होंने कहा कि आज जहां देश में किसानों को उनकी मेहनत का मोल नहीं मिल रहा, वहीं मजदूर अपना खून पसीना जलाकर भी परिवार का पेट नहीं भर पा रहे। उन्होंने कहा कि बेटियां अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए सड़कों पर बैठी हैं और केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं।

मीर ने कहा कि देश में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि, केंद्र सरकार नहीं चाहती कि देश की जनता उनका सच जाने, उनसे जरूरी मुद्दों पर सवाल पूछे लेकिन अब जनता जाग चुकी है, अपने अधिकारों की बात कर रही है, अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही है, न्याय का हक मांग रही है। हम जनता की यह लड़ाई, जनता के साथ आगे ले जा रहे हैं। अन्याय के खिलाफ न्याय की यह लड़ाई जारी रहेगी। मीर ने कहा कि इसे लेकर 14 जनवरी से राहुल गांधी मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरु कर रहे हैं, जो 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। कुल 6713 किलोमीटर की यह यात्रा होगी। यह यात्रा झारखंड में 804 किलोमीटर की होगी और आठ दिनों तक चलेगी। यात्रा 13 जिलों से होकर गुजरेगी।

# भाजपा सरकार के कामों को अपना बता तारीफ बटोरने में लगी है हेमन्त सरकार: नीलकंठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य की जनता को बेवकूफ बनाने में लगी है। उन्होंने कहा कि जिस झारखंड भवन को हेमन्त सरकार अपनी सरकार की उपलब्धियों में शामिल कर बताने में लगी है वह रघुवर सरकार की देन है। साथ ही झारखंड विधानसभा, झारखंड उच्च न्यायलय, रांची प्रेस क्लब भवन, हज हाउस जैसे भवनों का निर्माण कार्य भाजपा सरकार की देन है। नीलकंठ सिंह मुंडा गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। मुंडा ने कहा कि पिछले रघुबर सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में 22865 किमी सड़क का निर्माण किया गया था जबकि मात्र 5200 किमी सड़क ही हेमन्त सरकार में बन पाई है। साथ ही कहा कि बीते चार वर्षों में झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। भवन निर्माण विभाग और पथ विभाग इससे अछूता नहीं है। यह विभाग कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के 9 महीने में भवन निर्माण के योजना बजट की 5350 करोड़ की कुल राशि में से 44.61 प्रतिशत राशि ही खर्च हो सकी है। भवन निर्माण विभाग में स्वीकृत 1749 पद के मुकाबले केवल 497 ही कार्यरत हैं जबकि 1252 पद रिक्त हैं। मुंडा ने कहा कि भवन निर्माण विभाग में नियम कायदों को ताक पर रखकर टेंडर का खेल चलता रहा है। पहले काम, फिर टेंडर की परंपरा चल रही है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर सर्किट हाउस भवन की 6.76 लाख रुपये की मरम्मत, सर्किट हाउस चहारदीवारी की 4.98 लाख रुपये से मरम्मत, 24.87 लाख की लागत से भालकी पंचायत भवन और इतनी ही लागत से सिंहपुरा पंचायत भवन की मरम्मत कार्य का मामला एक उदाहरण भर है। इन योजनाओं का टेंडर काम होने के उपरांत निकाला गया। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था किसी भी राज्य में विकास का आईना मानी जाती है लेकिन हेमंत सोरेन सरकार में सड़कों की बदहाल स्थिति जगजाहिर है।

# सीएम से मिले कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने औपचारिक मुलाकात की । झारखंड कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री के साथ श्री मीर की यह पहली मुलाकात थी।

इस अवसर पर राज्य के ताजा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े मुद्दों एवं विषयों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर , राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम और कृषि मंत्री श्री बादल भी मौजूद थे।

## ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर से ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने गुरुवार को एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ड्रग्स सप्लायर अशोक नगर रोड नंबर 4 में ब्राउन शुगर बेचने के लिए घूम रहा है। इसके बाद मौके पर पीसीआर की टीम पहुंची और ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किया है। मामले में पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

# हम जानते हैं कि टीमें मजबूत होंगी और हम इसके लिए तैयार हैं : इटली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एफआईएच हॉकी का आगाज के अब कुछ ही दिन बचे हैं। 13 जनवरी से 19 जनवरी तक मोराहबादी मैदान स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में यह आयोजन होने जा रहा है। गुरुवार को इटली की टीम ने पत्रकारों को संबोधित किया।

**क्या कहा कप्तान और कोच ने :** इटली के कप्तान पुग्लिसी सारा और मुख्य कोच एंड्रेस मोंडो द्वारा संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते बताया गया कि इतालवी महिला हॉकी टीम से बेहतरीन तरीके से तैयार है। तैयारियां अच्छी, गहन और पेशेवर रही हैं। अक्टूबर में टीम संभाली और तब से बहुत मेहनत कर रहा हूं। एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में न्यूजीलैंड बहुत कड़ी टीम है । शुरुआत में कड़ी प्रेसर की उम्मीद है और हमारी टीम प्रेसर को बनाए रखना चाहेगी। वहीं कप्तान ने कहा कि मुझे वास्तव में पिच पसंद है। पहला प्रशिक्षण कठिन था, लेकिन हमें पिच की आदत हो गई है। हम गेंद को नियंत्रित करने और फिर आगे बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं। पेनल्टी कॉर्नर को बदलना एक समस्या हो सकती है लेकिन हम इसके लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। हम जानते हैं कि टीमें मजबूत होंगी और हम इसके लिए तैयार हैं और इस तरह के खेलों की तैयारी कर रहे हैं। होम क्राउड के समर्थन से या दबाव नहीं बल्कि हमारे लिए प्रेरणा होगी । पूरी टीम इस तरह के माहौल में खेलने से खुश और सौभाग्यशाली है।




# राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव आत्मनिर्भर झारखंड की पहचान है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोराबादी मैदान में 7 जनवरी ले वह राष्ट शुरू हुआ राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव लगातार अपनी ओर लोगों को आकर्षित कर रहा है ।हल्की खिली धूप के बीच लोग अपने परिवार संग महोत्सव का आनंद लेने पहुँचे ,महोत्सव म के चौथे दिन भी हर वर्ग के लोग नज़र आए ,क्या महिला क्या पुरुष और क्या बच्चे ,अगर युवाओं की बात करें तो सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बन रहा है जहाँ लोग सोहराइ पेंटिंग को बहुत पसंद कर रहे हैं ।महोत्सव की सुबह से ही चौथे दिन भी ख़रीदारी जमकर हुई। यह महोत्सव 12 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा। महोत्सव में आने का समय सुबह 10 बजे से लेकर रात 8 बजे तक है।

**स्वावलंबी झारखंड की पहचान है राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव:** राँची में लगाए गए खादी एवं सरस महोत्सव में दुमका के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र जोगुडीह गाँव से पहुंचीं महिला सहनज़ जादुपटिया का नाम ढोकरा प्रसिद्ध आर्ट में गिना जाता है। सहनज ने भी अपना स्टॉल महोत्सव में लगाया है।

लोगों को उनकी कलाकृतियां काफी पसंद आ रही हैं और जब से उन्होंने ढोकरा आर्ट की ट्रेनिंग लेकर उसमें काम करना स्टार्ट किया है. उनके जीवन में भी काफी बदलाव आए है. शहनज़ के द्वारा बनाए गए ढोकरा आर्ट को महोत्सव में लोग काफ़ी पसंद कर रहे हैं और उसकी ख़रीदारी भी कर रहे हैं। शहनज़ बताती हैं है कि इस तरह का महोत्सव महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में अहम भूमिका निभाता है।



**महोत्सव में सहारनपुर फर्नीचर की डिमांड:** सहारनपुर के बने फर्नीचर की खूब डिमांड है मेले मे घूमने आए लोग सहारनपुर के बने फर्नीचर को खूब पसंद कर रहे है और खरीद भी रहे हैं। मेले में आए व्यापारी मो शदीक ने बताया कि इस महोत्सव में अपने लकड़ी के डिजाइन सोफा, बेड, कॉफी मग,टेबल स्टैंड, और अन्य होम डेकोर आइटम्स खूब बिक रहे हैं साथ ही उन्होंने बताया की सहारनपुर के बने फर्नीचर जो की शीशम टीक और सागवान की लकड़ियों से बनते हैं। इस इसकी खूब डिमांड हैं।मेले में बेड 25 हज़ार से 1.5 लाख, सोफा 18 हज़ार से 40 हज़ार और झूला 14 हज़ार से 25 हज़ार तक मील रहा हैं।

# मुस्लिम मजलिस उलेमा का प्रतिनिधिमंडल ने गुलाम मीर से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुस्लिम मजलिस उलेमा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी ने झारखंड कांग्रेस पार्टी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। इस मौके पर कासमी ने मुस्लिम मजलिस उलेमा की ओर से प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को बधाई दी और कहा कि वह भारत के स्वर्ग कश्मीर से झारखंड राज्य के राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों को बहाल करने आये हैं। हम झारखंड के सवा चार करोड़ जनता आपको बधाई देते हैं। झारखंड के अल्पसंख्यकों की समस्याएं अभी भी अनसुलझी हैं। झारखंड में संयुक्त सरकार के चार साल पूरे हो गये हैं। राज्य अलग होने के 24 साल पूरे हो गये हैं। लेकिन अब तक मुसलमानों को उनकी जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों से वंचित रखा गया है। मुसलमानों में काफी चिंता और आश्चर्य है। ऐसे में आपके आगमन पर आशा की किरणें नजर आ रही हैं। इस मौके पर मुस्लिम मजलिस उलेमा ने भी कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। झारखंड में 14 लोकसभा और 6 राज्यसभा सीटें हैं। अलग राज्य के बाद मुस्लिम प्रतिनिधित्व शून्य है। अभी 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## मकर सक्रान्ति को लेकर पिपरवार के बाजारो मे सजी तिलकुट की दुकान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे मकर सक्रान्ति को लेकर तिलकुट की दुकान सजने लगी है।मकर संक्रांति को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के बाजारो मे दही,चुड़ा,गुड़



और तिलकुट की खरीदारी शुरू हो गई है।बचरा चार नम्बर चौक और बाजारटांड़ सहित क्षेत्र के कई बाजारो मे तिलकुट को लेकर दुकान लगाई गई है,जहां कारीगर के द्वारा दिन रात मेहनत कर तिलकुट को बनाया जा रहा है।दुकानों मे कई प्रकार के तिलकुट की खरीदारी हो रही है।बचरा चार नम्बर चौक पर तिलकुट विक्रेता ने बताया कि इस वर्ष तिलकुट की बिक्री अच्छी हो रही है।बाजारो मे खोवा तिलकुट 350-400 रूपये प्रतिकिलो,चीनी तिलकुट 200-250 रूपये प्रतिकिलो,गुड़ तिलकुट 220-250 रूपये प्रतिकिलो,पापड़ी 220 रूपये प्रतिकिलो की दर से बेचा जा रहा है।दुकानदारों ने बताया कि 13 जनवरी एवं 14 जनवरी को तिलकुट की काफी बिक्री होती है।इस दिन ग्राहको की भारी भीड़ देखी जा सकती है।मकर संक्रांति को लेकर सभी दुकानों में तिलकुट बनाकर उसे स्टॉक किया जा रहा है।कोयलांचल क्षेत्र के बचरा,राय,बमने, बहेरा,किचटो,बेंती,बिलारी, कल्याणपुर सहित अन्य जगहो पर तिलकुट की खरीदारी हो रही है।

## पिपरवार के बचरा हाई स्कूल में सिटी बजाओ अभियान की हुई शुरुआत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बचरा हाई स्कुल में मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता मे गुरूवार से सिटी बाजाओं अभियान की शुरुआत की गई।इस मौके पर कार्यक्रम में



मौजूद सभी लोगों ने एक साथ सिटी बजाकर इस अभियान की शुरुआत किया।इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि सिटी बजाओं अभियान झारखण्ड के सभी सरकारी विधालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए लागु किया गया है।स्कूल में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर झारखंड सरकार के द्वारा यह अभियान की शुरुआत की गई है।इसके अलावा बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए यह अभियान काफी कारगर साबित होगा।उन्होंने पंचायत के सभी अभिभावकों से अपने अपने बच्चो को प्रतिदिन स्कुल भेजने की अपील की।इस मौके पर इस अभियान में मुखिया रीना देवी,स्कुल के प्राचार्य महेन्द्र पासवान,शिक्षक बिन्देश्वर रजक,प्रेम साव,मुन्देव आर्थ, गुलफसा प्रवीण,रेखा कुमारी, रजी अहमद,मोहम्मद इरशाद,चन्दन कुमार, अभिषेक कुमार,दीपक साहा,मनीष कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## पहले ही प्रयास में सीए की परीक्षा पास की ऋषिता रानी ने

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतिभा परिचय का मोहताज नहीं होता बस उसे एक प्लेटफार्म की जरूरत होती है। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है रांची जिला के चान्हो प्रखंड स्थित चोरेया गांव के ऋषिता रानी ने। भारत



की कठिनतम परीक्षाओं में से एक सी ए की फाइनल परीक्षा पहले प्रयास में पास कर ना सिर्फ़ परिवार का नाम रौशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम भी रौशन किया। पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। केक काटकर खुशियां मनाई जा रही है। उन्हें बधाई देनेवालों का तांता लगा हुआ है। ब्रजदेव साहु और राखी देवी की पुत्री ऋषिता रानी बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज थी। मांडर स्थित ब्राइट हॉप्स पब्लिक स्कूल से मैट्रिक तक की पढ़ाई की। उसके बाद प्लस टू के पढ़ाई कडरू स्थित डीएवी कपिल देव से की। संत जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन पूरी करने के साथ साथ ही उसने चार्टर्ड एकाउंटेंट की पढाई भी जारी रखा। जब पढ़ाई में मन नहीं लगता था तो कैसे प्रेरित होती पढ़ने के लिए पूछने पर उन्होंने बताया कि मैंने पढ़ाई के साथ-साथ हमेशा अपने मां-बाप के सपने को साकार करने की सोची। और यही चीज मुझे बार-बार मेहनत करने की और पढ़ने की प्रेरणा देती रही। आज इसी का परिणाम है कि मैं कामयाब रहा। वह कहती हैं कि अगर सच्चे मन से ठान लिया जाए और मेहनत किया जाए तो कोई भी काम असंभव नहीं है। आगे वह कहती है कि इससे लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी। कभी हार नहीं माननी चाहिए। लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ने से एकदिन सफलता जरूर मिलेगी।

## सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान में बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों ने आभियान में हिस्सा लिया

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में आज जिले के सभी विद्यालयों में ÷सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा उक्त



कार्यक्रम का फोटोग्राफ एवं वीडियो सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर पूर्वा0 8.30 से 9.30 बजे तक व्यापक स्तर पर अपलोड किया गया ताकि सभी वर्गो में बच्चों के नियमित विद्यालय में उपस्थित होने के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जा सके। विद्यालय के बच्चों के द्वारा अपने टोले मुहल्ले में विद्यालय आने के क्रम में सीटी बजाकर अन्य बच्चों को भी विद्यालय जाने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रा0उ0म0 वि0 डुमरदगा, खूँटी में निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम का छात्रोपस्थिति पर साकारात्मक परिणाम देखने को प्राप्त हो रहे है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम एक दिन का नहीं बल्कि पूरे वर्ष चलने वाली दैनिक गतिविधि है जिससे विद्यालयों में छात्रोपस्थिति को बढ़ाया जा सकता है एवं विद्यालय से बाहर रहने वाले बच्चों को विद्यालय में वापस लाने का यह अनूठा तरीका है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बच्चों को कहा गया कि वे जब तैयार होकर विद्यालय आने लगें तो अपने सहपाठी को भी समय पर विद्यालय आने हेतु प्रेरित करें। अभिभावकों का भी यह कर्तृतव्य होना चाहिए कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। यदि समाज के सभी वर्गो के आपसी सहयोग एवं भागीदारी से यह कार्यक्रम दैनिक रूप से उनके पोषक क्षेत्र में संचालित किया जाय तो निश्चित ही विद्यालय में छात्रोपस्थिति में सुधार होगा एवं बच्चों में विद्यालय जाने के प्रति रूचि बढ़ेगी जिसका प्रभाव बच्चों के गुणात्मक विकास पर पड़ेगा। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में विद्यालय आने के प्रति रुझान निश्चित रूप से बढ़ेगा।

## मुड़मा पंचायत भवन में दीप्ति आसरा सेवा केन्द्र के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं पंजीकरण का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची एवं दीप्ति आसरा सेवा केन्द्र रांची के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु जांच एवं पंजीकरण का आयोजन मांडर प्रखंड के मुड़मा पंचायत भवन में किया गया। इस जांच शिविर में 100 लोगो का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, जेनरल रोग जांच , नेत्र जांच,एवं 40 वरिष्ठ लोगों का निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु जांच एवं पंजीकरण किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी



एवं दीप्ति आसरा सेवा केन्द्र रांची के चंद्रमौली पांडेय का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेमेडी हेल्थ केयर के डायरेक्टर डा0 प्रमोद कुमार सिंह, आदित्य रानी, रोबिन मिंज, रोहित कुमार,प्रेमिका खलखो, भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के जूही कुमारी,दुबराज महतो,रियाजुल हक बिट्टू ऑप्टिकल के शाहनवाज नैयर, लेमिना रिसर्च सेंटर प्रा0 लिमिटेड के कृष्णा सिंह, प्रेम पांडे, शाकिब अहमद, शिखा देवी,एवम मुड़मा ग्राम पंचायत के मुखिया बंधना उरांव,अफरोज अंसारी,फिरोज अंसारी, शम्स अहद, आजाद अंसारी, एकराम अंसारी, जावेद अंसारी,जाहिद अंसारी का सहयोग रहा।

## इटकी कूर्गी में आदिवासी पड़हा विद्यालय की दयनीय स्तिथि : डॉ परमेश्वर भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** इटकी प्रखण्ड अन्तर्गत कूर्गी पंचायत में 21 पड़हा व्यवस्था के द्वारा संचालित गरीब, अनाथ आदिवासी बच्चों का विद्यालय सह हॉस्टल का निरीक्षण उप विकास आयुक्त सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने किया। निरीक्षण के क्रम में पता चला कि इस स्कूल में बिल्कुल ही गरीब अनाथ या जिसके माता-पिता ईट-भट्ठा या कहीं दूसरे राज्य मजदूरी करने चले गए हैं वैसे बच्चे यहां रह कर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। इस विद्यालय में आज तक ना कोई स्थानीय जनप्रतिनिधि या स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी का निरीक्षण नहीं किया गया है जिसकी वजह से मूलभूत सुविधा से बच्चे वंचित है। छात्रों का रहने का हॉस्टल व कक्षा टूटा फूटा जर्जर है। अनाथ बच्चे इतनी ठंड में टूटी हुई जमीन पर सोते हैं। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी बच्चों एव विद्यालय के शिक्षकों से बात की और भरोसा दिलाया कि जहां तक



संभव हो इस विद्यालय का मैं हमेशा सेवा करूंगा क्योंकि आज के बच्चे ही आने वाले दिन का कर्णधार है। इस तरह के विद्यालय के प्रति खासतौर पर आदिवासी समाज के बुद्धिजीवी लोगों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

## खलारी के सभी सरकारी विद्यालय के बच्चों ने सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान में हुआ शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड सरकार की दिशा निर्देश के आलोक में सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं उनके उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर बच्चों के द्वारा सीटी बजाओ अभियान का शुरुआत करवाई गयी. इसी के तहत खलारी प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के कुशल क्षेत्रों में अपने-अपने स्कूल के बच्चों द्वारा सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान चलाया गया. अभियान सुबह 8−30 से



लेकर 9−30 बजे तक चलाया गया. क्षेत्र के सभी इलाकों के विद्यालयों के बच्चों ने टोला-टोला सीटी बजाते हुए पंक्तिबद्ध होकर विद्यालय पहुंचा. इस दौरान अपने इलाकों के सरकारी शिक्षक एवं प्रबंधन समिति इस कार्यक्रम का मॉनिटरिंग करते रहे. इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया.सीटी कैसे बजाना है और सीटी बजते हीं कैसे दूसरे बच्चे को पंक्ति में शामिल होना है यह जानकारी भी इस दौरान बच्चों को शिक्षको द्वारा दिया गया. साथ ही स्कूल आते हुए बच्चों की सीटी बजाती हुई फोटो व वीडियो सोशल मीडिया ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब एवं कू एप में पोस्ट किया गया.इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं प्रबंधन समिति के लोग शामिल थे.

## एलईडी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय परिसर से प्रवासी कामगार एवं झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना से संबंधित श्रम विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं सूचना को आमजन तक पहुँचाने के उदेश्य से उपायुक्त, खूँटी, उप विकास आयुक्त, खूँटी, जिला परिषद, अध्यक्ष, अपर समाहर्ता व श्रम अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्क्ष्ष्ठ वाहन को रवाना किया गया।

स्क्ष्ष्ठ वाहन जिले के सभी प्रखण्डों एवं पंचायतों में जाकर दुसरे राज्यों में कार्य पर जाने वाले प्रवासी श्रमिकों के निबंधन कराने



एवं उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक करेगा। साथ ही असंगठित कामगारों जैसे रिक्सा चालक, ठेला-खोमचा लगाने वाले, स्वनियोजित कामगार, कृषक मजदूर, मोटिया मजदूर आदि श्रमिकों को असंगठित कर्मकार योजना अन्तर्गत निबंधन कराने एवं उनसे मिलने वाली सहायता राशि के बारे में जागरूक करेगा।

## नामकुम प्रखण्ड अन्तर्गत आरा एवं टाटीसिलवे ओवर ब्रीज में अभी तक लाईट नहीं जली

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लगभग ढाई से तीन साल ओवर ब्रीज को बनें हो गयी है,और ओवर ब्रीज के उपर लाखो रुपए लागत से लगी सैकड़ो बिजली की खम्भे एवं लाईट बेकार लगीं पड़ी है केवल और केवल मात्र ओवर ब्रीज का शोभा बढाने का काम आ रहा है,रेलवे बोर्ड प्रबंधक एवं झारखण्ड सरकार के लापरवाही के कारण आज तक लाईट नहीं जली,लाईट के अभाव में आए दिन पैदल चलने वाले तथा साइकिल,मोटर साईकिल सवार दुर्घटना ग्रस्त होते रहते हैं बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कितने लोग आज तक अपने हाथ पैर गंवा चुके हैं, कितनों की जान भी जा चुकि है परंतु आज तक किसी नेता मंत्री या रेलवे प्रबंधक का ध्यान इस ओर नहीं गयी है ।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–04)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938,दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अर्जुन राम, सुरेश राम, कार्तिक महतो एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष दिये गये लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–04/24<br>2. आवेदक–रोहनु महतो , पिता–स्व0 बिहारी महतो<br>3. ग्राम–डीमरा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–05/24<br>2. आवेदक–शान्ति महतो , पिता–स्व0 मुचिराम महतो<br>3. ग्राम–सोनडीमरा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–06/24<br>2. आवेदक–निरंजन महतो , पिता–स्व0 झुबर महतो<br>3. ग्राम–डीमरा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–07/24<br>2. आवेदक–नवदेव तिवारी , पिता–स्व0 रामकृष्ण तिवारी<br>3. ग्राम–डीमरा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये गाल पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–08/24<br>2. आवेदक–गंगाधर प्रजापति , पिता–गुरू चरण प्रजापति<br>3. ग्राम–डीमरा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–10/24<br>2. आवेदक–अर्जुन मांझी , पिता–स्व0 दिलू मांझी<br>3. ग्राम–जाराडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पेट में माशा। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–11/24<br>2. आवेदक–बहादुर महतो , पिता–मोहन महतो<br>3. ग्राम–रोला , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–12/24<br>2. आवेदक–गणेश राम प्रजापति , पिता–फुलचन्द राम प्रजापति<br>3. ग्राम–बनतारा , पोस्ट–गोला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के उपर काला तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–49/24<br>2. आवेदक–राम कुमार महतो , पिता–स्व0 लालो महतो<br>3. ग्राम–बोंगाहारा , पोस्ट–हेसागढा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–50/24<br>2. आवेदक–घमिया देवी , पति–स्व0 तुलसी महतो<br>3. ग्राम–मुचुंगडीह , पोस्ट–रजरप्पा प्रोजेक्ट , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–51/24<br>2. आवेदक–शान्तो देवी , पति–ठाकुर दास महतो<br>3. ग्राम–मुचुंगडीह , पोस्ट–रजरप्पा प्रोजेक्ट , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–52/24<br>2. आवेदक–पन्ना लाल महतो , पिता–स्व0 राजा राम महतो<br>3. ग्राम–बारलौंग , पोस्ट–कुन्दरू कलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–53/24<br>2. आवेदक–चिन्तामणी प्रसाद , पिता–स्व0 बरजु महतो<br>3. ग्राम–बारलौंग , पोस्ट–कुन्दरू कलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–54/24<br>2. आवेदक–अनिल कुमार , पिता–स्व0 भोगन महतो<br>3. ग्राम–बारलौंग , पोस्ट–कुन्दरू कलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के सामने कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–55/24<br>2. आवेदक–तिरथलाल महतो , पिता–स्व0 राजाराम महतो<br>3. ग्राम–बारलौंग , पोस्ट–कुन्दरू कलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–56/24<br>2. आवेदक–संतोष महतो , पिता–नान्दो राम महतो<br>3. ग्राम–बारलौंग , पोस्ट–कुन्दरू कलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–57/24<br>2. आवेदक–महेश महतो , पिता–स्व0 जगदीश महतो<br>3. ग्राम–बारलौंग , पोस्ट–कुन्दरू कलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–629/23<br>2. आवेदक–देवकर्म महतो , पिता–चिना महतो<br>3. ग्राम–छोटकीपोना , पोस्ट–बड़कीपोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–630/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र महतो , पिता–स्व0 कुंजलाल महतो<br>3. ग्राम–छोटकीपोना , पोस्ट–बड़कीपोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अर्जुन राम, चन्द्रनाथ भाई पटेल, फागु बेसरा एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष दिये गये लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–590/23<br>2. आवेदक–बिनोद कुमार महतो , पिता–गोबर्धन महतो<br>3. ग्राम–बन्दा , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–631/23<br>2. आवेदक–सलखु महतो , पिता–जयनाथ महतो<br>3. ग्राम–कुल्ही , पोस्ट–पोटमदागा , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–632/23<br>2. आवेदक–ललित महतो , पिता–बिगु महतो<br>3. ग्राम–पोटमदागा , पोस्ट–पोटमदागा , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–633/23<br>2. आवेदक–टिकेन्द्र महतो , पिता–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–पोटमदागा , पोस्ट–पोटमदागा , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–837/23<br>2. आवेदक–दिलीप कुमार महतो , पिता–स्व0 जगदीश महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–838/23<br>2. आवेदक–बीरबल साव , पिता–स्व0 गोकुल साव<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–839/23<br>2. आवेदक–श्याम सुन्दर महतो, पिता–स्व0 विश्वनाथ महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–मुँह के बायें भाग में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–840/23<br>2. आवेदक–भीम महतो , पिता–स्व0 विश्वनाथ महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–841/23<br>2. आवेदक–महेन्द्र चौधरी , पिता–स्व0 गल्लू चौधरी<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–842/23<br>2. आवेदक–भुवनेश्वर महतो , पिता–मंगल महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में दाहिनी ओर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–844/23<br>2. आवेदक–सुनिल कुमार महतो , पिता–जोधन महतो<br>3. ग्राम–लारीकलां , पोस्ट–लारीकलां , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चित्तरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–845/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र कुमार उर्फ राजेन्द्र कुमार शर्मा , पिता–स्व0 तुलसी राम<br>3. ग्राम–उकरीद , पोस्ट–सोसो , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–846/23<br>2. आवेदक–रविन्द्र सिंह , पिता–स्व0 रामेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–उकरीद , पोस्ट–सोसो , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–849/23<br>2. आवेदक–विनोद महतो , पिता–शनिचर महतो<br>3. ग्राम–हारम , पोस्ट–लीलानगर , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–843/23<br>2. आवेदक–प्रेम कुमार , पिता–फुलचन्द महतो<br>3. ग्राम–चोंय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–867/23<br>2. आवेदक–फुलचन्द महतो, पिता–पन्नु महतो<br>3. ग्राम–चोंय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–868/23<br>2. आवेदक–बुद्धदेव प्रसाद महतो, पिता–स्व0 लालमन महतो<br>3. ग्राम–चोंय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–भौं के पास कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–869/23<br>2. आवेदक–बिरेन्द्र कुमार , पिता–स्व0 खेमन महतो<br>3. ग्राम–चोंय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–870/23<br>2. आवेदक–शीतल महतो , पिता–लखन महतो<br>3. ग्राम–चोंय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–871/23<br>2. आवेदक–भुनेश्वर महतो , पिता–स्व0 सहादेव महतो<br>3. ग्राम–चोंय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–872/23<br>2. आवेदक–रामू महतो , पिता–मूला महतो<br>3. ग्राम–चोंय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–873/23<br>2. आवेदक–झरी मांझी , पिता–बंशी मांझी<br>3. ग्राम–चरकटुवा , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर के उंगली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–874/23<br>2. आवेदक–सुखदेव किस्कु , पिता–स्व0 मसौदी मांझी<br>3. ग्राम–ओरिया , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–875/23<br>2. आवेदक–वकील महतो , पिता–खेमन महतो<br>3. ग्राम–सिसामो , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–876/23<br>2. आवेदक–लोकनी देवी, पति–योधा महतो<br>3. ग्राम–बन्दा , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–877/23<br>2. आवेदक–यशोदा देवी, पति–कर्मदेव महतो<br>3. ग्राम–बन्दा , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 315754 (Home) 23-24 (D)

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पटमदा के डाक बंगला में आजसू पार्टी की बैठक में शामिल हुए पूर्व मंत्री सहिस



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा डाक बंगला भवन परिसर में गुरुवार को आजसू पार्टी की एक आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष अजित महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है। इसलिए कार्यकर्ता अभी से ही चुनाव की तैयारियों में जुट जाइये। उन्होंने क्षेत्र में संगठन मजबूत बनाने के अलावे लोगों की जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करने का निर्देश दिया है। पूर्व मंत्री सहिस ने बूथ स्तर पर कमेटी का गठन करने के लिए भी निर्देश दिया है। बैठक में आजसू नेता आदित्य महतो, रामकृष्ण महतो,अजीत महतो,श्रीमंत मिश्र, सुभाष सिंह, लंबोदर महतो, रेणुका महतो, आरती महतो, कागजी महतो व लक्ष्मी सहिस आदि मौजूद थे।

## संगठन विस्तार में नरसिंह बने बोड़ाम प्रखण्ड अध्यक्ष व दुलाल युवा मोर्चा अध्यक्ष



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखण्ड के आंधारझोर में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में बोड़ाम प्रखण्ड में संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से नरसिंह रुहिदास को बोड़ाम प्रखण्ड अध्यक्ष, दुलाल रूहिदास को युवा मोर्चा का बोड़ाम प्रखण्ड अध्यक्ष और राजाराम रुहिदास को युवा मोर्चा का बोड़ाम प्रखण्ड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव आकाश मुखी ने 70 हजार की आबादी वाले बोड़ाम प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने की मांग की। इस मौके पर युवा मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष मजहर खान, महासचिव जिब्रान आजाद, मेघनाथ रूहिदास, हेमंता रुहिदास, नरेन रूहिदास, मनोहर रूहिदास, सलील रूहिदास बिनोद रूहिदास आदि मौजूद थे।

## राजनगर के विभिन्न स्कूलों में चला सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजनगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विधालय के विधार्थियों ने सिटी बजाकर गांव का भ्रमण किया। जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, सहायक अभियोजन पदाधिकारी राजीव केशरी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वसुंधरा दास, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ममता दुबे ने विभिन्न विधालयों का भी निरीक्षण किया। सिटी बजाकर गांव का भ्रमण में राजनगर प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय ईचा, नव प्राथमिक विद्यालय गुटुसाई एवं नव प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर अभियान में शामिल हुए। स्कूल से चयनित बच्चों विभिन्न टोला में स्कूल समय को ध्यान में रखते हुए सीटी बजाते हुए स्कूल की ओर निकले वही सिटी सुनकर बच्चों भी सज धज कर स्कूल के लिए निकल पड़े जैसे-जैसे बच्चे सीटी बजाते हुए आगे जा रहे थे वैसे-वैसे अन्य स्कूली बच्चे भी स्कूल ड्रेस में तैयार होकर जुड़ते चले जा रहे थे।

## डुमरिया में चला सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान



**जमशेदपुर :** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को डुमरिया प्रखंड के उत्क्रमित हाई स्कूल भागाबांधी के बच्चों ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान चलाया। इस संबंध में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक विमल कुमार महतो ने बताया कि पूरे पोषक क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकालकर बच्चों ने अन्य बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया। मौके पर मुखिया मेघराई टुडू , ग्राम प्रधान बुगलू किस्कू, वार्ड मेंबर जितेन गोप, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र भकत, संयोजिका कल्पना गोप, रसोईया नीलिमा साहू, बबीता गोप, प्रभारी प्रधानाध्यापक विमल कुमार महतो, सहायक शिक्षक सुरेश कुमार भगत, सुशील राय, धनु हेंब्रम, हिमांशु प्रधान, सुषमा टोपनो, सत्यरंजन शीट, अब्दुल लतीफ, दिलीप कुमार भगत एवं त्रिलोचन भगत आदि शामिल थे। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रांगामाटिया, डुमरिया में भी प्रभारी प्रधानाध्यापक दीनबंधु सिंह की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बच्चों ने अभियान चलाया।

## 22 जनवरी को भगवा झंडा से सजेगा साकची बाजार चक्की लाइन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची बाजार चक्की लाइन के दुकानदारों द्वारा अयोध्या राम मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठान के शुभ अवसर आगामी 22 जनवरी सोमवार की शाम को 11000 दीप प्रज्वलित किया जायेगा। साथ ही चक्की लाइन के सभी दुकानदार मिलकर सुबह से ही पूरी लाइन को भगवा झंडा से सजायेंगें। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा का लाइव बड़े पर्दे पर दिखाया जायेगा। दोपहर 12 बजे से भोग वितरण होगा। शाम में अपने दुकानों के सामने दीप प्रज्वलित के बाद प्रसाद स्वरूप 101 किलो लड्डू का वितरण आम लोगों के बीच किया जायेगा। इसे सफल बनाने हेतु तैयारी में मुख्य रूप से मनीष खन्ना, विवेक अग्रवाल, महेश चौधरी, सुरेश दुआ, प्रमोद खन्ना, अंकुर चौधरी, शंभू अग्रवाल, कमल अग्रवाल, आशीष खन्ना आदि दुकानदार लगे हुए हैं।

### अस्ति ग्राम प्रधान द्वारा 12 परिवारों का सामाजिक व धार्मिक बहिष्कृत मामला ले सांसद मिले डीसी से

# बीडीओ को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के कार्यालय कक्ष में सांसद जमशेदपुर विधुत वरण महतो ने मुलाकात कर डुमरिया प्रखंड के छोटा अस्ति गांव के 12 परिवारों को ग्राम प्रधान द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों से बहिष्कृत करने का मामला संज्ञान में लाया। सासंद के साथ आए पीड़ित परिवार के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा 12 परिवारों को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों से बहिष्कृत कर दिया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ग्राम



प्रधान द्वारा आवश्यक कार्यों के लिए जरूरी दस्तावेजों में दस्तखत करने से मना कर दिया जा रहा है। साथ ही उनके बच्चों को गांव के अन्य परिवार के बच्चों के साथ खेलकूद, स्कूल आने जाने सहित अन्य सामान्य गतिविधियों में बहिष्कृत किया जा रहा है जिससे बच्चों के मानसिकता में बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उपायुक्त ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस तरह की मानसिकता को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। इसे लेकर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस पूरे मामले की जांच करायें तथा गांव वालों को ऐसे कार्य जो विधि संगत नहीं है उसको लेकर समझाने की बात कही। उसके बावजूद अगर नहीं माने तो नियमानुसार कारवाई करने का निदेश दिया गया।

## डीसी ने ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा समाहरणालय परिसर में ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया। इसके पाश्चात उपायुक्त द्वारा समाहरणालय परिसर से मोबाइल डेमोंसट्रेशन वाहन को हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। जागरूकता वाहन जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र सरायकेला, खरसावां एवं ईचागढ़ विधानसभा के विभिन्न पंचायतों में तिथि वार भ्रमण कर मतदाताओं को ईवीएम में वोटिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मतदान हेतु जागरूक करेगी। इस अवसर पर निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी खरसावां विधानसभा सह अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, डीएलएओ हेमा प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी सरायकेला सत्येंद्र महतो एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक सविता महतो ने मनाया गुरुजी का जन्मदिन व सांसद सुनील महतो की जंयती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल गोलचक्कर स्थित दिशोम जाहेरगाढ के समीप झामुमो व युवा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओ ने राज्यसभा सांसद सह झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन का जन्मदिन व दिवंगत सांसद सुनील महतो का जंयती केंक काटकर मनाया गया। इस दौरान विधायक सविता महतो भी शामिल हुए। विधायक ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन संघर्ष और विचारधारा के प्रतीक है। इस दौरान चांडिल प्रखंड कमिटी द्वारा प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो के नेतृत्व में मुखिया होटल व नीमडीह प्रखंड के फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में




प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो के नेतृत्व में गुरुजी का जन्मदिन व दिवंगत सांसद सुनील महतो का जयंती मनाया गया। इस अवसर पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ममेरे भाई राजू किस्कू, बैधनाथ टुडू, झामुमो जिला संयुक्त सचिव धर्मु गोप, प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण महतो,अर्जुन सिंह मुण्डा, समर भुईया, श्रीकांत महतो, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष सह झामुमो मीडिया प्रभारी सुदामा हेम्ब्रम, झायुमो जिला सचिव दीनबंधु महतो, सोशल मीडिया राहुल वर्मा, सुनाराम मार्डी, मनीष टुडू,अवधेश मुर्मू, मेहताब आलम, मोती सोरेन, सोमाय टुडू, अजय टुडू आदि उपस्थित थे।

## पटमदा में भुड़कुर पेंशन टाकाय मकर परब लघु फिल्म की हुई शूटिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा क्षेत्र में टुसू का त्योहार या मकर संक्रांति का कितना महत्व होता है और उसे मनाने के लिए क्या और किस तरह से तैयारियां की जाती है। मौसम की मार से गरीब किसानों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। परिवार में बूढ़े -बुजुर्गों को किस तरह की जिल्लत भरी जिंदगी जीना पड़ता है, वृद्धावस्था पेंशन की राशि किस प्रकार सहायक साबित हो रही है। इन सभी विषयों को लेकर बराभूम दर्पण के प्रकाशक सह स्थानीय पत्रकार कल्याण कुमार गोराई द्वारा एक लघु फिल्म भुड़कुर पेंशन टाकाय मकर परब की शूटिंग गुरुवार को संपन्न हुई। इस संबंध में फिल्म के निर्माता, लेखक व निर्देशक कल्याण कुमार गोराई ने बताया कि इसमें सामाजिक विषयों पर आधारित कहानी एवं झारखंडी संस्कृति का समावेश है। उन्होंने बताया कि इस साल मौसम की मार से धान व सब्जी दोनों ही फसलें खराब



होने की वजह से किसानों को काफी नुकसान हुआ है और फिल्म के अंदर एक किसान परिवार का दर्द को उजागर करने का प्रयास किया गया है। इसमें कोलकाता एवं वीरभूम जिले की महिला कलाकार एवं स्थानीय कलाकारों में मिहिर कुमार महतो, शिशुपाल सिंह सरदार, ईशान चंद्र गोप एवं अन्य कई लोगों ने अभिनय किया है जो 13 जनवरी को मकर संक्रांति के पूर्व यूट्यूब चैनल बराभूम एंटरटेनमेंट में रिलीज होने वाली है।

## शिव बांध तालाब में डूबने से छह वर्षीय बालक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** बीते बुधवार की दोपहर से लापता आदित्यपुर थाना अंतर्गत बड़ा गम्हरिया के शिवपुरी कॉलोनी निवासी ब्रजेश तिवारी के छह वर्षीय पुत्र अभिजीत कुमारी का शव करीब 24 घन्टे बाद गुरुवार को पास के ही शिव बांध तालाब से बरामद हुआ। शव बरामदगी के बाद परिजनों में मायूसी छा गई है। विदित है कि बीते बुधवार दोपहर करीब दो बजे से बच्चा अचानक घर से गायब हो गया था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चला। गुरुवार की दोपहर उसके घर के सामने स्थित शिव बांध तालाब के पास काफी संख्या में महिला व पुरुष अभिजीत की तालाश के लिए जुटे थे। इसी दौरान तालाब में उसका स्वेटर नजर आया। इसके बाद बांस के सहारे उस स्वेटर की खींचा जाने लगा तो बालक का शव दिखाई दिया। तत्पश्चात परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे टीएमएच ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह दो भाईयों में छोटा था।

## जेआरडी टाटा बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर में तीन दिवसीय जोगा इंटर स्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेआरडी टाटा बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर में आज जोग्गा एवं जुस्को स्कूल साउथ पार्क के बैनर तले तीन दिवसीय जोगा इंटर स्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर टाटा स्टील की स्पोर्ट्स प्रमुख विभूति अडेसरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। विशेष अतिथि के रूप में जोगा के उपाध्यक्ष एवं स्पोर्ट्स प्रमोटर फिरोज खान भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने जेएसएसपी और जोगा की पूरी टीम को इस तरह के शानदार कार्यक्रम के




आयोजन बधाई दी। स्कूल की प्रधानाचार्य मिली सिन्हा ने अतिथियों और युवा खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें पूरे मन से टूर्नामेंट में भाग लेने और आने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक लाने की इच्छा रखने के लिए प्रेरित किया। इस तीन दिवसीय आयोजन का संचालन करने वाले अधिकारियों की टीम का नेतृत्व जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रमुख कोच बैडमिंटन विवेक शर्मा करेंगे। इस चैंपियनशिप में लगभग 18 स्कूल से लगभग 164 छात्र भाग लेंगे।

## पटमदा में बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त, दंपती घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** टाटा -पटमदा मुख्य सड़क पर लावा पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की दोपहर करीब सवा 12 बजे एक बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उस पर सवार दंपती घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने 108 एम्बुलेंस से फोन घायलों को माचा स्थित सीएचसी अस्पताल भेज दिया। बताते हैं कि कमलपुर थाना क्षेत्र की ओड़िया पंचायत के लायाडीह निवासी रूपनारायण मुर्मू अपनी पत्नी के साथ पगदा स्थित ससुराल गया था। वहां से अपने घर लौटने के क्रम में वह बेलटांड़ पहुंचने के बाद फिर से ससुराल की ओर जाने लगा।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने किया प्रखंड स्तरीय स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के शहीद अजीत,धनंजय महतो शिक्षा निकेतन चोगा मैदान में टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा सुपर चैंपियन लीग फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उत्क्रमित मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालयों के अंडर-15 के 16 टीमों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के चार बालिका टीमों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। वहीं मेघनाथ महतो ने बताया कि टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से स्कूल के बच्चे बच्चियों का प्रतिभा को निखारने के लिए 10 वर्षों से कोल्हान के विभिन्न प्रखंडों में प्रतियोगिता



आयोजित कर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि चैंपियन टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा व जिला चैंपियन टीम को कोल्हान स्तरीय खेल में भाग लेंगे। मौके पर प्रधानाचार्य क्षेत्र पती महतो, सुजीत दत्ता, कीरीटी महतो, चंदन कुमार महतो, गोपेश महतो आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर कार्निवल 2024 : शानदार उद्घाटन गोपाल मैदान में आज

### बॉलीवुड गायक अभिजीत भट्टाचार्या की मनमोहक प्रस्तुति 14 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल को आगामी जमशेदपुर कार्निवल 2024 की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, यह तीन दिवसीय उत्सव है जो 12 से 14 जनवरी तक प्रतिष्ठित गोपाल मैदान, जमशेदपुर में दर्शकों को लुभाएगा। सभी नागरिकों के लिए प्रवेश बिल्कुल निःशुल्क है। शुक्रवार, 12 जनवरी को, जमशेदपुर कार्निवल में मेडली ऑफ कलर्स ऑफ इंडिया शीर्षक से एक मनमोहक गीत और नृत्य प्रस्तुति होगी। कार्निवल का उद्घाटन टाटा स्टील के वीपी, कॉर्पोरेट सर्विसेज, चाणक्य चौधरी द्वारा किया जाएगा, जिसके बाद



एक शानदार कोल्ड पायरो शो होगा। यह शाम जमशेदपुर के प्रसिद्ध सेलिब्रिटी गायक ईशान दत्ता की मनमोहक संगीत प्रस्तुतियों से भरी होगी । अपनी सेना को जानें पहल के अनुरूप और स्टील सिटी जमशेदपुर में नागरिक-सैन्य एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए, कार्निवल के दौरान हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्निवल का दूसरा दिन 13 जनवरी को सा रे गा मा पा की मधुर धुनों से गूंजेगा। कार्निवल का समापन 14 जनवरी को एक मनोरम मास्टर शेफ कार्यक्रम के साथ होगा, जिसके बाद बॉलीवुड प्रशिद्ध गायक अभिजीत भट्टाचार्या की मनमोहक प्रस्तुति होगी ।

## सोनारी भाजपा के मिलन सह लिट्टी पार्टी में सांसद विद्युत महतो समेत 3000 भाजपाई जुटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा सोनारी मंडल के द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी कार्यक्रम में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो एवं शहर के 3 हजार भाजपाई शामिल हुए। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में सोनारी विकास भवन में आयोजित हुआ। मौके पर सांसद ने मंडल के कार्यकर्ताओं को नववर्ष की बधाई दी एवं 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर दिपावली जैसा महोत्सव मनाने आग्रह किया। वहीं सांसद विद्युत वरण महतो को तीसरी बार संसद महारत्न मिलने पर



मंडल अध्यक्ष एवं मंडल कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत सम्मान मंडल अध्यक्ष पोद्दार ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप शामिल लोग- भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष नंदीजी प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटा शंकर पांडे, राजन सिंह, अनिल सिंह, मिथीलेश सिंह यादव, योगेश मलहोत्रा, खेमलाल चौधरी, समाजसेवी ललित दास, भुपेन्द्र सिंह, विकास सिंह, नीरज सिंह, राजीव रंजन, विजय कुमार, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, चित्तरंजन वर्मा, महामंत्री राकेश सिंह, शंकर रेड्डी, समाजसेवी खेमराज साहू, धर्मेन्द्र प्रसाद, ज्योति अधिकारी, ईचागढ़ के पूर्व विधायक स्व. साधुचरण महतो की धर्मपत्नी सारथी महतो, बोनु सिंह सरदार, राकेश वर्मा।

## एसएनटीआई में एस्पायरिंग इंजीनियर्स प्रोग्राम 2022 बैच का दीक्षांत समारोह सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एस्पायरिंग इंजीनियर्स प्रोग्राम (एईपी) 2022 बैच के लिए दीक्षांत समारोह 10 जनवरी, 2024 को एसएनटीआई, जमशेदपुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम एंड इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील, विनीता प्रकाश टाटा स्टील के चीफ एचआर, इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स उपस्थित थे। 2022 बैच के 55 प्रशिक्षु स्नातक हुए जिसमे श्रीलक्ष्मी जेएस को सिविल इंजीनियरिंग से टॉपर के रूप में सम्मानित किया गया, वी श्रीराम ने ईईआई में शीर्ष स्थान हासिल किया, और सुभायन मल मैकेनिकल ब्रांच से टॉपर के रूप में उभरे। वी श्रीराम को एईपी 2022 के बैच टॉपर के रूप में भी सम्मानित किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### शिबू सोरेन के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया जन्मदिन की खुशी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय ब्लॉक मोड में संचालित मंजिल कोचिंग में बृहस्पतिवार को झामुमो के कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया। जहां लोगों ने केक काटकर एक दूसरे के साथ जन्मदिन की खुशियां मनाएं।मौके पर उपस्थित संतन सोनी मनोज वर्मा प्रकाश दांगी रामदेव यादव महावीर दांगी विकास विश्वकर्मा परसादी राणा देवनारायण दांगी वह अन्य उपस्थित थे।

# बारह करोड़ के योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास एवं उद्घघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बृहस्पतिवार को कालीकरण सड़क मरम्मती, डीएमएफटी एवं विधायक मद से निर्माण होने वाले लगभग बारह करोड़ के विकास संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घघाटन किया। जिसमें मुख्य रूप से गिद्धौर चौक से ब्रह्मपुर मोड़ तक कालीकरण पथ की मरम्मती, गांगपुर से मारंगी तक पथ मरम्मती, पिंडारकोण से इचाक तक पथ मरम्मती, भुइंया टोली से जरहा तक पथ मरम्मती, लुबधिया से पिंडारकोण तक पथ मरम्मती, बलबल बागेश्वरी मंदिर परिसर का सुंदरीकरण, चहारदीवारी एवं स्वच्छ पानी व्यवस्था निर्माण कार्य



सम्मिलित है। जहां प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस प्रकार के कार्य से खुश दिखे एवं विधायक को धन्यवाद कहा।ये सभी योजनाएं हमारे प्रखंड को विकसित करने के लिए विधायक के तरफ से एक सफल एवं सराहनीय कदम है।मौके पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा उप प्रमुख प्रीतम यादव मुखिया प्रतिनिधि बसंत सिंह दिनेश भारती समाजसेवी प्रसादी पासवान बृजेश सिंन्हा सुबोध चौबे चमारी दांगी लखन दांगी परमेश्वर रविदास देव कुमार साहू कैलाश कुमार मुख्यीया संघ का जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

## शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन में ओवरब्रिज का सरिया धंसने से एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल, दो की हालत गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में निर्माणाधीन शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन के निर्माण कार्य मे ब्रिज निर्माण करा रही मिलेनियम नामक कंपनी के साईट पर लापरवाही का खमियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ा। हुई दुर्घटना में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह घटना तब हुई जब लगभग दो दर्जन मजदूर रक्शी गांव के मातु आहर के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज संख्या 99 के तीन नंबर पैकेज में काम करने के लिए चढ़े हुए थे। इसी दौरान ब्रिज का सरिया अचानक भरभरा कर धराशाई हो गया?। इस घटना में ब्रिज में कार्य कर रहे एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गये। वहीं कई मजदूर की स्थिति गम्भीर है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से दो मजदूरों की स्थिति गम्भीर देखते हुए हजारीबाग



मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज किया जा रहा है। घटना में गंभीर रूप से घायल मजदूरों की पहचान राय निवासी किटकु महतो, 35 वर्षीय प्रदीप कुमार व पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के तिलरा गांव निवासी गांठों महतो के पुत्र चेतलाल महतो के रूप में की गई है। घटना के बाद कंपनी के इंजीनियरिंग पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि कंपनी के ब्रिज में कार्य कर रहे मजदूरो की सुरक्षा से संबंधित कोई भी मापदंड अपनाये नहीं जा रहें हैं। मिलेनियम कंपनी रक्शी से गिद्धौर के दुवारी तक 29 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण कार्य में जुटी हुई है। बताया गया कि पत्थलगड्डा की ओर से लगभग 10 किलोमीटर तक का निर्माण कार्य पूरा हो भी चुका है। घटना के बाद कंपनी के कर्मी मौके से फरार बताए जा रहे हैं।

## जेएमएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के किसान भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन दिवस सिमरिया झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया। वहीं जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल वितरण कर जन्म दिन मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा एवं पश्चिमी जिप सदस्य देवनंदन साहु, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष मलेश्वर साहू, सचिव भूपेंद्र ठाकुर, रमन कुमार साहू, सलीम अख्तर, गिरधारी यादव, आलोक रंजन, इकरामुल हक, सुरेश यादव, धर्म महतो, वीरेंद्र वर्मा, सुनील साहू, रंजीत यादव, मुखिया पुरन राम, अर्जुन साहू ,मोहम्मद आलम, मोहम्मद अख्तर के अलावे कई कार्यकर्ताओं ने हर्षोउल्लास के साथ जन्मदिन मनाया साथ हीं दिशोम गुरु के लंबी उम्र की कामना की।

### विस्थापित प्रभावित हाईवा मालिक संघ की संयुक्त बैठक अम्रपाली किया गया

## कई मांगो के साथ एनटीपीसी को घेरा, मांगे नहीं मानी गयी तो अंजाम कम्पनी भुगतेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कोल नगरी अम्रपाली 5 नम्बर बैरियर के पास गुरुवार को विस्थापित प्रभावित हाईवा ऑनरों संघ की संयुक्त बैठक सिमरिया कामख्या नरायण सिंह की अध्यक्षता में कई गयी। वहीं बैठक का संचालन विजय कुमार साहू ने किया।बैठक में अनुमण्डल क्षेत्र के सैकड़ो हाईवा ऑनर शामिल हुए। आयोजित बैठक में सर्वसमिति से कई निर्णय लिया गया।जिसमें अम्रपाली से एनटीपीसी का हाईवा ढुलाई किराया 170 रुपये प्रति टन के साथ 5 नम्बर बैरियर को छोड़ दुशरे बैरियर से कोयला ढुलाई किया जाएगा। चट्टी बरियातू से एनटीपीसी के लिए200 रुपये प्रति टन,चट्टी बरियातू से बचरा के लिए 320 रुपये प्रति टन, चट्टी बरियातू से कटकम सांडी के लिए 650 रुपये प्रति टन लिया जाएगा। साथ हीं



अम्रपाली से चट्टी बरियातू के लिए कोयला ढुलाई का भाड़ा भुगतान 1 तारीख से 15 तारीख का भाड़ा का भुगतान 22 महीने के 22 तारीख, वहीं 16 से 30 तारीख का किराया भाड़ा का भुगतान अगले माह 7 तारीख को करना पड़ेगा। निर्धारित समय से भुगतान नहीं करने पर ढुलाई कार्य बंद कर दिया जाएगा। हाईवा ऑनरों के द्वारा की गई निर्धारित तय किराया तथा समय पर भुगतान ट्रांसपोर्टरों द्वारा पालन नहीं किया गया तो इसका भुक्त भोगी एनटीपीसी कम्पनी होगी। कोई भी कम्पनी कोयला ढुलाई का ठेका लेकर आएगा तो पहले एसोशियसन द्वारा वगैर वार्ता का ढुलाई कार्य नहीं करेगा वर्ना इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। संघ में लिए गए निर्णय के विरुद्ध यदि कोई ऑनर कोयला लौड़ करेगा तो उसे आर्थिक दण्ड में 5100 सौ रुपये प्रति वाहन देना पड़ेगा। मौके पर राकेश कुमार, सुमन कुमार सिंह, राहुल सिंह, उपेंद्र सिंह, सुमित कुमार यादव, विनय कुमार सिंह, परमेश्वर महतो, थनु महतो, युगेश्वर महतो, वसंत महतो, विनोद महतो, मनोज महतो, पूरन कुमार, श्रीनाथ ठाकुर, त्रिवेणी महतो, गोपाल साव,नेपाल साव, नरेश साव, बिनोद साहु, बालेश्वर साहू, प्रमोद साहू, बसंत कुमार, राजू कुमार के अलावे सैकडों हाईवा ऑनर शामिल थे।

## सिटी बजाओ विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम अयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्र में संचालित सभी सरकारी विद्यालय में गुरुवार के सुबह सुबह सीटी बजाओ विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाओ अभियान कार्यक्रम किया गया। इस दौरान संबंधित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति, स्कूली बच्चों के साथ साथ अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विद्यालय के पोषक क्षेत्र में उक्त अभियान चलाई गई। जिसमें सीटी बजा कर स्कूली बच्चे अपने साथी को विद्यालय तक लेकर विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाई। अभियान प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तथा नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के पोषक क्षेत्र में चलाया गया।

# लातेहार की खबरें

## सिविक एक्शन कार्यक्रम में ग्रामीण एवं विद्यार्थियों को दी गई जरूरतमंद समाने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गृहमंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार बृहस्पतिवार को 11 वीं वाहिनी सीआरपीएफ के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में झारखण्ड राज्य के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र लातेहार जिले के गारु थाना के अंतर्गत सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वेद प्रकाश त्रिपाठी,उप कमाण्डेंट आनन्द झा, एवं जीरा देवी जिला परिषद गारु, लातेहार, द्वारा उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं को संबोधित एवं अच्छे भविष्य की कामना करते हुए सभी का अभिवादन किया। इस दौरान प्रणव आनन्द झा, उप कमाण्डेंट (प्रशा)-11 वीं वाहिनी



के0रि0पु0बल द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को मच्छरदानी, दवाईयों जरूरतमन्द स्कुल छात्रों को स्कुल वैग, ज्योमेट्री बॉक्स, नोट बुक, स्टेशनरी वस्तुओं ईत्यादि सामानों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के कार्यक्रम सी0आर0पी0एफ0 द्वारा आमजनता के साथ मेल मिलाप बढ़ाने तथा स्थानीय लोगों को समाज की मुख्य धारा से जुड़कर रचनात्मक कार्यों में लगने तथा जागरूक होने के लिए किए जाते हैं। आगे उन्होनें यह भी कहा की, इस तरह के जनकल्याणकारी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच आपसी नजदीकी बनाना समाज के युवाओं एवम कमजोर पक्षों को विकसित करना, समाज से जोड़ना एवम जनता की मदद करना है जिससे कि आम जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो और समाज की मुख्यधारा से जुड़े रहकर अपना जीवन यापन कर सकें। सुरक्षा बल विशेषकर सीआरपीएफ परिचालनों कर्तव्यों के अतिरिक्त समय समय पर सुदूरवर्ती इलाकों में जरूरतमन्द ग्रामीणों के मदद के लिए उनके दैनिक जरूरतों के अनुसार सामान मुहैया कराती है। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त किया कि ऐसे जनकल्याणकारी योजनाओं का आयोजन भविष्य में सी.आर.पी.एफ द्वारा किया जाता रहेगा। उक्त सिविक एक्शन तथा मेडिकल कैम्प प्रोग्राम के तहत गारू क्षेत्र के ग्राम बेहराटोली लुहूरटॉड, धांगरटोला, पुरानी अरमु, भंवरबंधा आदि गाँव के ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## सरना आदिवासी विकास एकता मंच के तहत वन भोज का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** सरना आदिवासी विकास एकता मंच के तत्वावधान में महुआडांड़ रेंज ऑफिस के समीप वन भोज का आयोजन किया। जहां वन भोज के दौरान विशेष बैठक का भी आयोजन किया गया, जहां वक्ताओं ने सरना आदिवासी समाज के विकास और संगठित करने को लेकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए सैकड़ो महिला पुरुषों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हड़ीया दारु के चक्कर में फंसकर हमारे आदिवासी सरना समाज के लोग बर्बाद हो रहे हैं जिन्हें सुधारते हुए संगठित करने का जिम्मा समाज के प्रत्येक लोग को उठाना होगा। समाज जैसे ही इन सबसे ऊपर उठकर शिक्षा को अपनाएगा समाज का विकास और उत्थान होना प्रारंभ हो जाएगा। विनोद उरांव ने कहा की धीरे-धीरे लोग अपनी संस्कृति और सभ्यता को भूलते जा रहे हैं। यह बहुत ही दुख की बात है। इस तरह के आयोजन का खास उद्देश्य लोगों को संगठित करना है। इस कार्यक्रम में सरना आदिवासी एकता विकास मंच के अध्यक्ष मंगल देव नगेसिया, सचिव मूले बैइगा, कुंवर मुंडा, प्रदीप उरांव, अनूप मुंडा, विनोद उरांव, विजय नगेसिया समेत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 11जनवरी दिन गुरुवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम सदर अस्पताल लातेहार द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के 40 छात्र छात्राएं द्वारा एक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें सुमित खरवार कक्षा नवम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, द्वितीय स्थान पर संध्या कुमारी कक्षा नवम, एवं तृतीय स्थान पर अंकित कुमार कक्षा नवम का चयन हुआ। चयनित छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा, आचार्य विनय कुमार विश्वकर्मा एवं धीरजन राम द्वारा पुरस्कार देकर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। एवं सभी प्रतिभागियों को कलम तथा कॉपी देकर उत्साह वर्धन किया गया।

## माँ उग्रतारा नर्सिंग होम द्वारा ओवरी निकाले जाने वाले पीड़ित परिवार से जिप उपाध्यक्ष ने की मुलाकात, कार्रवाई का दिया भरोसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ/बरियातू :** बरियातू प्रखंड के बारछिया ग्राम निवासी सिद्धेश्वर मिस्त्री की पत्नी गीता देवी का बिगत 30 दिसंबर 23 को परिवार नियोजन करने के दौरान पैसे के लालच में मा उग्रतारा नर्सिंग होम बरियातू द्वारा एक अंग ओवरी निकाले जाने का मामला विभिन्न अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था ।खबर प्रकाशित होने के बाद लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने इसे संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे ।जहां घटना की जानकारी ली । सिद्धेश्वर मिस्त्री ने बताया कि हम अपनी पत्नी को परिवार नियोजन कराने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे इसी बीच सहीया दिब्या देवी ने मुझे बरगलाकर बरियातू मां उग्रतारा नर्सिंग होम ले गई।जहां निशुल्क बंध्याकरण कराने की बात कह कर ऑपरेशन आरम्भ कर दिया और पैसे की लालच में एक अंग ओवरी निकाल दिया।



घटना के बाद सिद्धेश्वर मिस्त्री द्वारा आवेदन देकर कई पदाधिकारी से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन मां उग्रतारा नर्सिंग होम का ऊंची पकड़ होने के कारण उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ। पीड़ित परिवार से अनीता देवी, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया राजीव भगत, ने जानकारी ली। जहाँ पीड़ित परिवारों द्वारा लगाए गए आप को सही पाया गया। जीप उपाध्यक्ष ने वही से लातेहार सिविल सर्जन से मोबाइल पर संपर्क कर कारवाई करने को कहा। सिविल सर्जन ने कहा कि जांच कर कार्रवाई करेंगे। वहीं अनीता देवी ने कहा कि बालूमाथ एवं बतियातु में कई अवैध नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित है जो अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड, बिना सर्जन बिना एनेस्थीसिया, के ही धड़ल्ले से सिजेरियन कर रहा है।वहीं कुछ नर्सिंग होम सिर्फ एमबीबीएस चिकित्सक का पेपर लगाकर क्लीनिकल एक्ट का पंजीयन कर लिया है।

## गाजे बाजे के साथ घर-घर अक्षत व चित्र निमंत्रण पत्र पहुंचाने को लेकर कई गांव का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत गड़गोमा ग्राम से गिद्दीमोड़ होते हुए गाजे बाजे के साथ विश्व हिंदू परिषद महामंत्री चंदन कुमार के नेतृत्व में घर-घर अक्षत व चित्र निमंत्रण पत्र 15 जनवरी तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। जहाँ चंदन कुमार व अरविन्द प्रसाद गुड्डुल ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान रामलीला की नवनिर्मित मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। जिसको लेकर 15 जनवरी तक घर-घर अक्षत निमंत्रण दिया जायेगा इसी कड़ी में गोनिया सिमरिया सीमांत तक राम भक्तों ने पहुँचकर जयकारे के साथ निमंत्रण दिया .साथ ही बताया कि अयोध्या से अक्षत व फुल के माध्यम से जन-जन तक आमंत्रण के लिए भेजा गया है उक्त कार्य के लिए जोरों पर निमंत्रण दिया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सत्संग हवन के साथ रात्रि में दीपावली मनाया जाएगा। मौके पर जीतेन्द्र सिंह जीवन, अरुण साव, चन्दन कुमार साव, संतोष कुमार, रंजन प्रसाद, धीरज राणा, द्वारिका यादव, राजू विश्वकर्मा, विनय कुमार, विजय साव मुखिया रानो देवी, उप मुखिया अशोक ठाकुर, सामजीत गंझु सहित आसपास के कई राम भक्त उपस्थित थे।

## सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान एक अनोखी पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर झारखंड सरकार ने मुहिम तेज कर दिया है। जहां सरकार ने सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान चलाकर एक अनोखी पहल की शुरुआत कर दी है। वहीं अभियान के माध्यम से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि सरकारी स्कूलों में बच्चों के उपस्थिति का कम होना या बीच में ही स्कूल छोड़ देने का कारण कई हो सकते हैं पर बड़े कारण सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी के साथ प्राइवेट स्कूलों पर सरकार की बड़ी रहनुमाई है। इसके अलावा पलायन, गरीबी, भुखमरी भी एक कारण देखा जा सकता है क्योंकि राज्य या देश के अस्सी फीसदी आबादी पांच किलोग्राम राशन के लिए खड़े हैं। जहां सरकार स्कूलों के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वर्तमान में



सावित्रीबाई फुले किशोरी समृध्दि योजना, बच्चों को किट्स, पोशाक के साथ खेल सामग्री उपलब्ध कराने के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दे रही है। वहीं सरकार सरकारी स्कूलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।वह इसलिए कि शिक्षा अधिकारियों की सोच और विद्यालय के शिक्षकों की मनमानी रवैए के साथ शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त सरकारी कार्यों का बोझ का हवाला देना है। शिक्षकों को उनके हाजिरी पर पुरा फोकस रहता है उन्हें फिक्र कहां के गरीब बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। ऐसे में शिक्षकों की कमी को दूर करने, शिक्षकों के मनमानी पर अंकुश लगाने अतिरिक्त सरकारी कार्यों के बोझ से निजात दिलाने की सरकार को पहल करने की जरूरत है वरन् कभी सरकारी स्कूलों में बच्चे नजर नहीं आएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही भामाशाह द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केंद्र हरिला में पाठ्य पुस्तक व दरी वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र हरिला में अध्यनरत भैया बहनों के बीच आचार्या जुली के द्वारा पाठ्य सामग्री व अष्टम एवं दशम के भैया के द्वारा बच्चों को बैठने हेतु दरी भी प्रदान किया गया। वहीं आचार्या विनीता ने भैया बहनों को योग करवाते हुए शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। आचार्या जूली कुमारी ने वंदना का अभ्यास करवाया और अपने माता पिता को प्रातः चरण स्पर्श करने की बात कही। संस्कार केन्द्र प्रमुख प्रिंस प्रियदर्शी ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास हमारा लक्ष्य है। प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने बच्चों के विकास की पूर्ण जानकारी प्राप्त किया।

### नवनियुक्त चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल कोर्ट में नवचयनित 102 चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को गुरुवार को नियुक्ति पत्र दिया गया।जिनमे आदेश पाल के लिए 93, दफ्तरी के लिए तीन, चालक के लिए चार, माली के लिए एक और स्वीपर के लिए एक पद पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा ने इस पूरी बहाली प्रक्रिया में शामिल अपनी पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी है और उनके प्रति अपना आभार जताया है। जिनके पूरे एक वर्ष के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है।सिविल कोर्ट निबंधक मोहित ने बताया कि हजारीबाग जिला पहला ऐसा जिला होगा जहां चार दिव्यांग और दो स्पोर्ट्स कोटा समेत एक बिरहोर युवती का चयन किया गया है।

### बरही बीडीओ अबुआ आवास का दावा आपत्ति आवेदनों पर कर रही है भौतिक सत्यापन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने अबुआ आवास का दावा आपत्ति आवेदन के आधार पर लाभुकों का स्थल पर जाकर भौतिक सत्यापन कार्य 10 जनवरी से शुरू कर दी है। पहला दिन बरही पश्चिमी पंचायत, दूसरे दिन रसोइया धमना पंचायत,और कोनरा पंचायत में अबुआ आवास का दावा आपत्ति करने वाले लाभुको का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें बरही पश्चिमी पंचायत में दावा आपत्ति अयोग्य पाया गया। वहीं रसोइया धमना पंचायत में 40 आवासों की जांच में मात्र 2 और कोनरा पंचायत में 10 आवासों की जांच में मात्र एक आवास लाभुक को योग्य पाया। बता दें कि सरकार आपके द्वारा शिविर के माध्यम से अबुआ आवास में जिन लाभुकों का सूची में नाम नहीं आया, वैसे लाभुकों ने 8 और 9 जनवरी को अपना दावा आपत्ति आवेदन प्रखंड कार्यालय में जमा किया गया था। जिसमें सभी पंचायतों से कुल 850 दावा आपत्ति का आवेदन आया था। जिसके आधार पर बीडीओ ने 10 जनवरी से भौतिक सत्यापन शुरू कर दी है। सत्यापन के परिणाम स्वरूप बीडीओ ने पाया कि यह दावा आपत्ति करने वाले लोग कई लोग अहर्ता नहीं रखते है, जिसे आवास की सूची में नाम जोड़ा जाय, जो योग्य है उसे आवास सूची में नाम जोड़ा जाएगा। इधर कई नए आवेदन भी प्रखंड कार्यालय में लाभुकों द्वारा जमा की गई। बीडीओ ने नए आवेदकों को आवेदन देते समय पूछी थी कि जब सरकार आपके द्वार आपके पंचायत में लगी थी, तो उस वक्त आपलोग आवास के लिए ऑन लाइन क्यों नहीं किए थे। इस बाबत लाभुकों ने कई कारण बताएं। हलाकि बीडीओ ने नए अबुआ आवास का आवेदनों को तो जमा कर ली। लेकिन उन्हें समझाते हुए कहा कि जब अबुआ आवास का पोर्टल खुलेगा तभी कोई उपाय है। जांच करने के दौरान बीडीओ के साथ आवास कोडीनेटर कमलेश कुमार भी मौजुद थे।

### मलकोको व पड़रिया मंदिर में पूजन के पश्चात घर-घर पूजित अक्षत देने का अभियान शुरू

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):**अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर गुरुवार को बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको व पड़रिया मंदिर में पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मलकोको व पड़रिया में नगर भ्रमण किया गया, जहां रामभक्तों ने जय श्री राम का नारा लगाकर सभी सनातनी को एकजुट होने का आह्वान किया। इस दौरान विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्त ने अक्षत कलश यात्रा में शामिल हुए और जय श्री राम के नारे लगाए, गुरुदेव गुप्त ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत निमंत्रण कलश व पत्रक को हर घर तक पहुंचाने का कार्य भी श्री राम भक्तों द्वारा किया जा रहा है। मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उस दिन मंदिरों और घरों में बड़ी दिवाली की तरह उत्सव मनाए, यह हम सभी राम भक्तों के लिए ऐतिहासिक क्षण है, जो जगत का पालनहार का आमंत्रण हम सभी को मिल रहा है, इसे स्वीकार कर अपने को धन्य समझे। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव,विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,स्थानीय मुखिया विजय यादव, अरविन्द कुमार, सहदेव राणा, नंदलाल प्रसाद, चंदन राणा, विनोद राणा, राजेंद्र प्रसाद, चंदन भारती, दुखन पासवान, सहदेव प्रसाद, रामकिशुन प्रसाद, उमर महतो, मुकेश कुमार, हिरालाल पासवान सहित सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए।

## नीतीश की जोहार यात्रा में जदयू महिला ब्रिगेड भी है तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ में प्रस्तावित नीतीश जोहार कार्यक्रम में महिलाओं की दमदार उपस्थिति के लिए जिले के कई पंचायत का दौरा कर कार्यक्रम संबंधी जानकारी सभी को देते हुए आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ चलो का नारा बुलंद किया।ज्ञातव्य हो कि आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ के फुटबॉल मैदान में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन होने जा रहा है सभा में दमदार उपस्थिति के लिए जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता में नया जोश है।महिला नेत्री के पंचायत के दौरे के क्रम में सदर प्रखंड के बड़ासी पंचायत में संजू देवी, रुक्मिणी देवी ,देवंती देवी, सुखिया देवी ,रोहिणी रीना देवी, पूनम देवी, बसंती देवी, काजल देवी, संगीता देवी, धनेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी सहित कई अन्य उपस्थित रही।

## रामलला के स्वागत में करें मंदिरो में पूजा, घरों में मनाए दीपोत्सव : विधायक मनीष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में सदियों बाद रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घर-घर उत्सव मनाएं। दिन में स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा- अर्चना करें और शाम को घरों में दीपावली मनाएं। मंगल और धार्मिक अनुष्ठान का अयोजन अपने अपने स्तर से करें और परिवार एवं समाज के साथ खुशियां मनाएं। जिन्हें अपने आराध्य भगवान श्रीराम से प्रेम हैं वो इस दिन को ऐतिहासिक ज़रूर बनाएं। उक्त बातें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने कटकमसांडी दौरे के क्रम में ग्राम मायापुर और पबरा वासियों से निवेदन करते हुए कहा।उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी के लिए बेहद सौभाग्य की बात है की 500 साल बाद हमारे ही समय में यह ऐतिहासिक कार्य संपन्न हो रहा है। टेंट से निकलकर रामलला भव्य मंदिर में विराजेंगे। अयोध्या नगरी का वनवास समाप्त होने जा रहा है ।

## खोडाहार के चारमाइल में सामुदायिक वन पट्टा को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गुरुवार को बरही प्रखंड के खोडाहार पंचायत के रेवन्यू गांव चारमाइल में वन अधिकार समिति के बैनर तले ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग की टीम और बरही अंचल के कर्मी मौजूद थे। मौके पर सामुदायिक वन पट्टा से संबंधित जानकारियां ग्रामीणों को दी गई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, उपमुखिया रोहित यादव, परमेश्वर यादव, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सुनील टोप्पो, सचिव ऋतुराज सिंह, नरेश यादव, बुधन यादव, महादेव यादव, बहादुर यादव, पवन यादव, अनुज यादव, रामप्रवेश यादव, नागेश्वर मेहता, गणेश मेहता, शंकर यादव, सेवा निवृत्त दिलीप एक्का, वार्ड सदस्य महेश सिंह, पूनम कश्यप, अंचल कर्मचारी रीतलाल रजक, वनरक्षक दीपक यादव, ईश्वर यादव, हरिताब यादव, शिवनाथ यादव आदि मौजूद थे।

## पबरा पहुंचे सदर विधायक मायापुर मंदिर समेत दो जर्जर पुलों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को कटकमसांडी प्रखंड के पबरा पंचायत का सघन दौरा किया। दौरे की शुरूआत ग्राम मायापुर से की। जहां श्री जायसवाल का मायापुर चौक पर भव्य स्वागत किया गया।तत्पश्चात वे मायापुर गांव के प्राचीन मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां नवनिर्मित मंदिर का निरीक्षण करते हुए जल्द ही नवनिर्मित मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु टाइल्स भेंट करने और इसके अलावे मंदिर परिसर में पेभर ब्लॉक लगाने,एक आकर्षक तोरणद्वार एवं छठ घाट निर्माण हेतु जल्द प्रयास की बात कही।उन्होंने कहा कि आपकी सबसे महत्ती जरूरत पेलावल से पबरा तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हो गया है, जल्द ही काम चालू हो जायेगा । उन्होंने पबरा के दो जर्जर पुलों का स्थल निरीक्षण ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के एसडीओ विजय कुमार राय और कनीय अभियन्ता रूस्तम आज़ाद के साथ किया एवं जल्द ही इन दोनों पुलों के निर्माण की दिशा में विभागीय कार्रवाई आगे बढ़ाने का निर्देश भी दिया। इन पुलों में एक तारा नदी पुल और दूसरा सिवाने नदी पुल है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, पबरा मुखिया सोनी देवी, पबरा पंसस छोटनी देवी, लूपुंग के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, रामू राम, रिंकू राम, धनुषधारी मेहता, सचिन मेहता, बैजनाथ मेहता, रंजीत रजक, निर्मल महतो, सरयू राम, प्रयाग पासवान, महेश महतो, आनंद मेहता, उदय राम, वकील राम, इंद्रदेव राम, खुशीयाल राम, शंकर राणा, टेकलाल महतो, धनु राम, अनुराग मित्तल समेत मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौजूद रहें ।

## बहेरा पंचायत में लगेगा साप्ताहिक हाट बजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** गुरुवार को बहेरा पंचायत भवन सचिवालय में हाट बाजार को लेकर एक आम सभा हुई जिसमे बहेरा पंचायत के अंदर हाट बाजार लगाने पर आम चर्चा हुई जिसमें ग्रामीणों द्वारा विचार लिया गया और विचार में यह सामने आया कि 45 कांटा बीटीसी सेंटर के बगल में और दूसरा तापिन साउथ फूसरी सरकारी स्कूल के बगल में सर्वसमिति से यह निर्णय सामने आया कि बाजार रविवार के दिन लगाया जाए वही बैठक कि अध्यक्षता बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने किया । मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद वासुदेव करमाली ,चूरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक बहेरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी , चरही पंचायत समिति आशा राय , सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे ।

## हाई स्कूल ने सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ को लेकर निकाला मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड के तमाम विद्यालयों को सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम किये जाने का निर्देश प्राप्त है। जिसको लेकर आज गुरुवार 11 जनवरी 24 को विष्णुगढ़ +2 हाई स्कूल में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने जागरुकता फैलाते हुए सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ के कार्यक्रम के तहत हाई स्कूल से हॉस्पिटल चौक होते हुए चेडरा, अखाड़ा चौक होते हुए बच्चों ने सीटी बजाकर छात्रों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया ।इस मौके पर मुख्य रूप से विधालय अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,शिक्षक विजय कुमार, जयदेव कुमार साव,कुलदीप कुमार, डॉ. सौरभ, मो.आसिफ अजीज, सरिता कुमारी, दिनेश कुमार के साथ सैकड़ो की सँख्या में छात्र मौजूद थे।

## मडमों व सारुकुदर विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बुधवार को पंचायत मडमों तथा सारूकुदर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में एलईडी के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुनाया गया तथा अतिथियों के द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। हजारीबाग साँसद जयंत सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना ही संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है।मोदी जी ने नारी शक्ति बंधन अधिनियम बनाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है, कहा कि इस अधिनियम से भारत में महिला नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने तीन तलाक पर कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। उज्वला योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन देकर, मातृत्व अवकाश में 12 से 26 सप्ताह बढ़ाकर, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवारों को नल से जल देकर, मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को उद्यमी बनाकर महिलाओं के जीवन में सुधार लाने का काम किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की सार्थकता की जानकारी ली गई। महिला समूह के द्वारा एकाकी नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीमार व्यक्तियों का इलाज कर दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में लाभुकों के बीच जॉब कार्ड किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इसके पश्चात साँसद जयंत सिन्हा खरकट्टो तथा चटकरी में गरीब असहायों के बीच कम्बल का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ रामबालक कुमार,माण्डू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,साँसद प्रतिनिधि सुशील मंडल,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,महामंत्री प्रकाश साव,मडमों मुखिया कुन्ती कुमारी,पंसस बहराम हांसदा,अजय मिर्धा,सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो,शंकर स्वर्णकार,कृषि पदाधिकारी अभय कुमार,बीपीओ राजमोहन वर्मा,डॉ. योगेंद्र कुमार,बीटीम उमेश कुमार राणा,जेई नीरज हज़ारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सौंपा 2 लाख का रुपए का चेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के इन्द्रपुरी चौक स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक की ओर से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत स्व भोला कुमार की बहन गीता कुमारी को क्लेम का चेक दिया गया।इस संबंध में बैंक के रीजनल मैनेजर ने बताया कि सभी खाता धारकों से उनकी अपील है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन जरूर कराएं।बीमा की प्रीमियम राशि काफ़ी न्यूनतम है , जिससे किसी तबके को कोई परेशानी नही होगी।

हर वर्ष प्रीमियम राशि बैंक खाता धारक के लिंक किये खाते से ऑटो डेबिट के माध्यम से बीमा की राशि जमा हो जाएगी। शाखा प्रबंधक देवेन्द्र कुमार ने बताया कि यह क्लेम धारक हजारीबाग के नूरा रोड इन्द्रपुरी के ही निवासी हैं। जिसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख की बीमा राशि का भुगतान चेक के माध्यम से किया गया। बता दें कि गीता कुमारी के भाई स्व भोला कुमार की मृत्यु बीते 29 जुलाई 2022 को हो गई थी। शाखा प्रबंधक देवेन्द्र कुमार ने मृतक के परिवार के साथ सदैव तत्पर रहकर क्लेम का निपटारा किया गया। श्री देवेंद्र ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि 20 रुपये का एक्सीडेंटल बीमा और 436 रुपए सालाना बीमा योजना का लाभ हर एक खाता धारक को जरूर लेना चाहिए।मौके पर बैंक के रीजनल मैनेजर एमसी पॉल ,शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार, राधे श्याम सिंह, पल्लवी कुमारी , मनीषा कुमारी, प्रभु नारायण, सहित सभी बैंक कर्मी मौजूद रहे।

## सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार स्कूल में निकाली गई रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अनूठी पहल %सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान की शुरुआत 11 जनवरी गुरुवार से की गई। इस अवसर पर बरही प्रखंड अंतर्गत के कई सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। सिटी बजाओ -उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बेसिक राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं के साथ भ्रमण किया। प्रधानाध्यापिका तहमीजा तबस्सुम ने बताया विद्यालय में बच्चों की टोली बनाकर भ्रमण के दौरान सीटी बजाने पर बच्चों को विद्यालय आने के लिए घर से निकलते देखा गया।

साथ ही बच्चों में उत्साह भी देखने को मिला। बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्यों छात्रों की नियमित उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉप आउट के मामलों को कम करना, स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में कमी लाना, छात्रों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और माता-पिता को अधिक जागरूक और जिम्मेदार बनाना है। मौके पर सहायक शिक्षक अफरोज आलम ने कहा कि यह सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम है। इस अभियान से बच्चों के अभिभावक भी जागरूक हो रहे हैं। पहले बच्चों द्वारा गलत जानकारी या स्कूल बंद होने की जानकारी देकर स्कूल नहीं जाने का बहाना बनाया जाता था। अब सीटी बजते ही माता पिता यह समझ जाते हैं कि स्कूल खुला है और उन्हें अपने बच्चों को समय पर तैयार करके स्कूल भेजना है। मौके पर प्रधानाध्यापिका तहमीजा तबस्सुम, सहायक शिक्षक अफरोज आलम, सीताराम रविदास, उपेन्द्र प्रसाद,अमरेन्द्र राम, प्रकाश सिंह, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास मना दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय हीरा बाग चौक में हर्षोल्लस मनाया गया इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला संयोजक मंडली,नगर संयोजक मंडली, प्रखंड व पंचायत स्तरीय नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केक काटकर शिबू सोरेन को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य कमल नयन सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि झारखंड के जनक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ जिला के नेमरा गांव में हुआ था झारखंड अलग राज्य के निर्माण में शिबू सोरेन की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज अगर हम अलग राज्य में स्वतंत्र रूप से रह रहे हैं तो यह दिशोम गुरु शिबू सोरेन की ही देन है। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने मुखर होकर झारखंड के आदिवासियों और मुल वासियों के अधिकार की लड़ाई लड़ी और झारखंडियों को अलग पहचान दिलाई। मौके पर नीलकंठ महतो, दिलीप वर्मा, महेंद्र, राम देवानंद कुमार, दिगंबर कुमार मेहता, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय सिंह, सुनील शर्मा, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो, उपाध्यक्ष संजय कुमार रविदास, समेत झामुमो के कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टाटीझरिया में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत वितरण कर निकाला गया आमंत्रण यात्रा

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर से राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत वितरण सह आमंत्रण यात्रा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल टाटीझरिया प्रखंड सह संयोजक भोला शर्मा,महेश शर्मा के नेतृत्व में राम भक्त समिति बौधा के बैनर तले अयोध्या से आया पूजित अक्षत को बौधा,केसडा, डहरभंगा,टाटीझरिया , समेत अन्य गांव के राम भक्त श्रद्धालुओ ने गाजे बाजे के साथ जय श्री राम के जय घोष करते हुए घर घर अक्षत पहुंचाएंगे की संकल्प लेकर भक्तो के बीच अक्षत वितरण कर आमंत्रण यात्रा के लिए जागरूक करते हुए लोगों से राम भक्तो ने कहा की 22 जनवरी को सभी भक्त गण अपने अपने घरों में श्री राम की तस्वीर के समीप दीप प्रज्वलित करे । एवं नजदीकी राम मंदिर ,हनुमान मंदिर, देवालयों में जाकर भगवान श्री राम के नाम का श्रद्धा युक्त होकर धूप दीप प्रज्वलित कर संगीतमय कीर्तन भजन कर मर्यादा पुरुषोत्तम का गुण गान कर आशीर्वाद प्राप्त करे। अयोध्या राम जन्म भूमि में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का होना सम्पूर्ण भारत के सनातन हिन्दू धर्म के लिए कई वर्षो का स्वप्न का साकार हुआ। आमंत्रण यात्रा के दौरान अमीर महतो,भोला राणा ,सरजू महतो,पोखन महतो,जगदीश मिस्त्री,सन्नी राणा,अनुरोध संगम,बुधन प्रसाद,मानकी ठाकुर,संग कई महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त गण शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## कोरियाई ब्रांड देवू की झारखण्ड में दस्तक




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दक्षिण कोरियाई के बहुचर्चित बरब्रांड देवू जो की अब पॉस्को देवू समूह के स्वामित्व वाला विश्व स्तर पर प्रसिद्ध ब्रांड है ने भरिया बाजार में वापिस अपना कदम रखा है. देवू ने देश में अपने उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के साथ झारखण्ड बाजार में प्रवेश किया है गुणवत्ता और इनोवेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाला देवू ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रॉनिक्स, इन दोनों ही क्षेत्रों में 50 वर्षों की वैश्विक विरासत के साथ एक प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध ब्रांड है। 110 देशों में पहले से ही अच्छी तरह से स्थापित देवू ने अब रणनीतिक ब्रांड लाइसेंसिंग सहभागिता के माध्यम से भारत में प्रवेश किया है ब्रांड लाइसेंसिंग सहभागिता के द्वारा देवू ने भारत की उभरती हुयी कंपनी केल्वोन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक करार किया है। केल्वोन एच.एस. भाटिया के नतृत्व वाली कंपनी है जिसने कुछ साल पहले भारतीय बाजार में पदार्पण किया था. एच.एस. भाटियाजो कि भारतीय कंज्यूमर मार्केट का एक जाना माना नाम है और वे इससे पहले एलजी और एयरटेल में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। उनको भारत में देवू के लिए एक्सक्लूसिव ब्रांड लाइसेंसधारी के रूप में चुना गया है। यह गठबंधन एच.एस. भाटिया के व्यापक इंडस्ट्री नॉलेज पर केन्द्रित है और इसका उद्देश्य भारतीय बाजार में देवू के ग्लोबल ब्रांड इनोवेटिव टेक्नोलॉजी आधारित इनोवेटिव उत्पादों को पेश करना एच.एस. भाटिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, केल्वोन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने इस बात पर जोर दिया कि पॉस्को समूह का ब्रांड देवू आज विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क है और यूएसए, यूरोप, चीन, मिडिल ईस्ट, यूएई आदि जैसे कई इंटरनेशनल बाजारों में इसकी बहुत अच्छी उपस्थिति है।

## सादिक़ तहसीन बने झारखण्ड के सदर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार प्रदेश उलमा बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष अबू नसर मलिक ने रांची के रहने वाले सादिक तहसीन नदवी ( इमामो - ख़तीब मस्जिदे ज़ैबुन निसा आज़ाद बस्ती ) को इत्तेफाके राय से ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड तंजीम की तरफ से झारखंड का सदर नियुक्त किया अबू नसर मलिक ने और मस्जिद ए ज़ैबुन निसा के सदर जनाब कमर सिद्दीकी साहब ने जनरल सिक्रेटरी मुफ्ती तल्हा नदवी ने और उनके तमाम साथियों ने सादिक तहसीन नदवी को बधाई दी और मिलकर काम करने का मशवरा दिया, साथ ही साथ सादिक तहसीन नदवी ने भी खिदमते ख़ल्क का फरीज़ा अंजाम देने का वादा किया।



## महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार का हुआ तबादला

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार का तबादला सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में कर दिया गया है। तबादला सीसीएल हेडक्वार्टर रांची के द्वारा किया गया है।वहीं उनके साथ मगध संघ मित्रा परियोजना में महाप्रबंधक संचालन एस के झा का भी तबादला सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में किया गया है। वहीं इन दोनों को पंद्रह दिनो के अंदर अपने अपने क्षेत्र में योगदान देने के लिए कहा गया है।

## डीएमएफटी के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया जाएगा ई.सी.सी.ई से संबंधित प्रशिक्षण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाज के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व एवं वर्तमान समय में विकास हेतु कई महत्वपूर्ण बदलावों से आंगनबाड़ी सेविकाओं को अवगत कराने एवं आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन बेहतर तरीके से सुनिश्चित करने के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा डीएमएफटी के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।डीएमएफटी के तहत संचालित होने वाले इस परियोजना में जिला समाज कल्याण कार्यालय कार्यकारी एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। रामगढ़ जिले में कुल 1042 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। केंद्र के माध्यम से 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराने का भी कार्य किया जाता है। वर्तमान परिपेक्ष में लगातार हो रहे बदलाव एवं प्रतिस्पर्धा के युग में आंगनबाड़ी केंद्रों का सही तरीके से संचालन बेहद आवश्यक है। इसी के मद्देनजर डीएमएफटी के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे जिनमे आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना एवं महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग से निर्गत मार्गदर्शिका के आधार पर एवं आधुनिक दौर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने को लेकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाएगा।

## रामगढ़ के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना के स्टोर रुम में लुटेरों ने 70 लाख का सामान लूटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना में बुधवार देर रात्रि को 30-35 की संख्या में आए लूटेरो के दल ने सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना के एक्सवेशन और ई एंड एम के स्टोर में धावा बोला और ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को कब्जे में लेकर 70 लाख रुपये मूल्य से अधिक मूल्य के कीमती पार्ट-पुर्जे लूट लिए और भाग निकले। इस दौरान मौके पर पहुँची एरिया के पेट्रोलिंग पार्टी के गश्ती दल के सुरक्षा कर्मियों को भी लुटेरे ने बंधक बना लिया। लुटेरे यहां से अपनी गाड़ी में लूटे गए समान लोडकर भाग रहे थे इसी दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने फोन के माध्यम से लूट की जानकारी सुरक्षा विभाग को दी ।इसके बाद इनमें से 10 लूटेरो को गाड़ी पर लदे लूट के समान के साथ आरा कांटा के निकट से सुरक्षा कर्मियों ने धर दबोचा । पकड़े गए 10 लूटेरो को वेस्ट बोकारो पुलिस को सौंपा दिया गया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है जबकि अन्य लुटेरे भाग निकलने में सफल रहे। बताया गया लुटेरे सुरक्षा कर्मियों को अपने कब्जे में लेकर रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक लूटपाट की घटना को अंजाम देते रहे।



## हाइवा की चपेट में आकर महिला की मौत, लोगों ने सड़क किया जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** गिद्दी थाना क्षेत्र के गिद्दी मेन गेट और अस्पताल के बीच मुख्य सड़क पर कोयला लदे हाइवा की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। जिसपर मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांधी चौक निवासी सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी शीलमनी देवी (67वर्ष) पति स्व. सिंह सड़क पार करने के क्रम में कोयला लदे हाइवा छ्रा0ढ्ढ 3611 की चपेट में आ गई। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। वहीं स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। मामले की जानकारी पर गिद्दी पुलिस पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। बावजूद इसके लोग मांग पर अड़े रहे। कई घंटे चली गहमागहमी के बाद डाड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया के हस्तक्षेप और उचित पहल के आश्वासन पर शाम तकरीबन पांच बजे जाम हटा लिया गया। वहीं गिद्दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की भेजा।



## उपायुक्त ने किया जिला खनन कार्यालय का निरीक्षण

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने छत्तरमांडू स्थित जिला खनन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी से राजस्व संग्रहण कार्यो का जानकारी लेते हुए राजस्व संग्रहण में बढ़ोतरी हेतु प्रभावी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने खनन कार्यालय में संधारित की जाने वाली विभिन्न प्रकार की पंजियों की जांच की एवं निर्धारित दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संचिकाओं का संधारण करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने एवं कहीं से भी अवैध खनन अथवा परिवहन संबंधित किसी प्रकार की कोई भी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## खेलो इंडिया खेल में शामिल शिशु मंदिर के छात्रों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सात बहनो ने विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया। खेलो इंडिया के तहत विद्यालय की बहने पूर्णिया में आयोजित नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिये थे। उक्त प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जोहर दिखाते हुए बहनो ने कई पुरस्कार जीते। जिसमें द्वितीय स्थान पर श्रुति कुमारी तृतीय स्थान प्रीति कुमारी, नंदनी कुमारी, अंजू कुमारी ने प्राप्त किये। तथा शेष बहनो को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे ने बताया कि इस सफलता के पीछे सभी बहनो की कडी मेहनत है।एकागारता बनाने के लिए गोपी कृष्ण सिंहा और कृष सिंहा का बहुत बड़ा योगदान रहा इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव कुंवर सिंह,उपाध्यक्ष शरदेंदु कुमार सिंह,संरक्षक नरेश प्रसाद पाठक,कोषाध्यक्ष रोहित सिंह आदि लोगों ने सराहना की और आगे एशियाई और ओलंपिक खेल में खेलने के लिए उत्साहित करते हुए आशीर्वाद दिए।

## विधायक की अनुशंसा से विभिन्न योजनाओं का होगा क्रियान्वयन : कृष्ण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पतरातू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन डीएमएफटी मद से होना है। इस संबंध में विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है तथा शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया संबंधित विभाग द्वारा पूर्ण कराकर विकास कार्यो को धरातल पर उतारने का कार्य किया जाएगा। ग्राम जयनगर में भिखू मुंडा के घर से लेकर सुरेश ठाकुर के घर तक नाली निर्माण लगभग 43 लाख की लागत से,देवरिया रेलवे फाटक के समीप ललकी पुल में पुलिया निर्माण लगभग 60 लाख,चिकोर में पंचायत भवन का चारदीवारी निर्माण में 15 लाख,तालाटांड पंचायत के ग्राम पलानी स्कूल से आगे नकटीगड़ा में पुल निर्माण में लगभग 55 लाख व सिधवार कला सरना के समीप पुलिया निर्माण में लगभग 60 लाख की लागत आएगी।

## बच्चों का समग्र विकास ही डीएवी उरीमारी का मूलमंत्र है : प्राचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** डीएवी स्कूल उरीमारी के बच्चों ने दिल्ली में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में अपने विधालय का परचम लहराया है। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स न्यू दिल्ली द्वारा डीएवी फरीदाबाद में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में झारखंड के तरफ से डीएवी उरीमारी की ममता कुमारी,शमन व शंजना किस्कू ने स्केटिंग प्रतियोगिता में झारखंड का मान बढ़ाया। इन बच्चों ने इस खेल में उपविजेता का खिताब हासिल किया। वहीं इसके पुर्व इन बच्चों ने अपने खेल के माध्यम से क्लस्टर तथा राज्य स्तर पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई थी। बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन पर विधालय सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। विधालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने बच्चों की शानदार सफलता पर उन्हें व उनके कोच बी पुष्टि को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने यह भी कहा कि विधालय के अन्य बच्चों को इन मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। छात्र छात्राओं को के सर्वांगीण विकास के लिए विधालय के तरफ से हर सहयोग दिया जाएगा। बच्चों के समग्र विकास ही डीएवी स्कूल का मूलमंत्र है।हम सभी इसी सिद्धांत पर कायम हैं।

## मांडू चट्टी पंचायत के स्कूल में सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सिटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है जिसके लिए सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्र से अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग के माध्यम से सिटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम ऑनलाइन शुभारंभ शिक्षा विभाग के किरण पासी के द्वारा शुभारंभ कर दिया गया है जिसका अनुपालन गुरुवार से सभी विद्यालयों में सरकारी गैर सरकारी प्रथम वर्ग से प्लस टू तक के विद्यालयों में यह कार्यक्रम है उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर में भी यह कार्यक्रम प्रातः 8ः00 बजे से गोविंदपुर कसीया टोला टकाहा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विद्यालय छात्र और अभिभावक सिटी बजाओ कार्यक्रम को करते हुए विद्यालय पहुंचे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग समाज सेवायों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के साथ सिटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा जो चलाया गया है निश्चित ही प्रशंसनीय है इस अवसर पर समाजसेवी बालेश्वर भुईयां भी उपस्थित थे विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों का सत प्रतिशत उपस्थित विद्यालय में हो साथ ही साथ ठहराव हो इस कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह देखने को मिला यह निश्चित ही कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाया गया अभिनंदन यह है विद्यालय का पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप प्रधानाध्यापक सहयोगी शिक्षक शारदानंद शर्मा गौतम कुमार गुप्ता जेठालाल मांझी और बाल संसद के तमाम पदाधिकारी के सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्व अभ्यास का कार्यक्रम कराया गया इसी अवसर पर प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू के प्राचार्य विज्ञा पाठक सुबोध पासवान संजीव कुमार किशोर कुमार दिगंबर प्रसाद रेखा कुमारी सुनील कुमार आदि भी अपने पोषक क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्लस टू के छात्र-छात्राओं का सीटी बजाओ स्कूल जा ओ कार्यक्रम में सहयोग किया सिटी बजाओ स्कूल जाओ मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में सत प्रतिशत उपस्थित और ठहराव को लेकर कराया जा रहा है



## झामुमों भुरकुंडा कार्यालय में शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन मनाया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन झामुमों के भुरकुंडा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके झामुमो के केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया ने केक काटा। कार्यकर्ताओं के बीच लड्डू का वितरण किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने हैप्पी बर्थडे टू यू कह कर शिबू सोरेन का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। संजीव बेड़िया ने कहा कि गुरु जी ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। अब झामुमो सरकार के नेतृत्व में झारखंड का समग्र विकास किया जा रहा है।



## वार्ड नंबर 5 में अयोध्या धाम से लाया गया पूजित अक्षत को घर-घर जाकर वितरण किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या धाम से लाया गया पूजित अक्षत को रामगढ़ छावनी के वार्ड नंबर 5 के बंगाली टोला के प्राचीन काली मंदिर से शुभारंभ करते हुए नेहरू रोड ,शिबू कॉलोनी, कृष्णापुरी और सेवा संसार अपार्टमेंट के सी ब्लॉक के घर-घर जाकर वितरण किया गया । सभी सनातनी परिवार के घर आग्रह किया गया कि आगामी 22 तारीख को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में रामदीप जलाकर दीपावली मनाएंगे तथा साथ ही अपने अगल-बगल साफ-सफाई रखेंगे । मौके रविन्द्र प्रसाद शर्मा, बसुध तिवारी, ऋषिकेश सिंह,ब्रजेश पाठक, अमर कुमार सिंह , दीपक कुमार, मनमोहन सिंह ,नित्यानंद सिंह, सिद्धार्थ गोस्वामी, जयंत गोस्वामी, विवेक गोस्वामी , किशोरी खेतान ने जय श्री राम के नारा के साथ श्रदालुयों के घर जा जाकर पूजित अक्षत , अयोध्या से आए से निमंत्रण पत्र एवं भगवान श्री रामचंद्र जी की फोटो श्रद्धालुओं को दिया गया। किया कार्यक्रम के प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने बताया कि आगामी 22 तारीख को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की प्रणाम प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भारी उत्साह है सभी ने उसकी तैयारी कर रखी है। सभी मोहल्ले टोले में दीपक जलाकर रंगोली बनाकर पटाखा फोड़कर उत्सव मनाए जायेंगे ।



## राजस्व संबंधित कार्यो को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्व संबंधित कार्यो को लेकर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार लंबित दाखिल खारिज संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में जिन अंचलों में कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके अंचल अधिकारियों को तत्काल रूप से मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने एनजीडीआरएस पोर्टल पर भूमि संबंधित विभिन्न जानकारियां ससमय पर अपलोड करने का निर्देश दिया। बटवारानामा एवं उत्तराधिकारी दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लोगों को उत्तराधिकारी दाखिल खारिज कार्यो के प्रति जागरूक करने एवं लंबित मामलों को तय समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया। 4 एच संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में 4एच संबंधित मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर विशेष ध्यान देने एवं किसी भी प्रकार से अतिक्रमण संबंधित कोई भी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने पौधारोपण एवं संबंधित क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरूक करने सहित अतिक्रमण रोकने हेतु विभिन्न उपायों को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रामगढ़ जिला अंतर्गत गैर मजरूआ भूमि सर्वे कार्यो हेतु उपायुक्त ने भू अर्जन पदाधिकारी को सभी अंचल कार्यालयों के लिए एक-एक अमीन की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता सह उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूअर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसहार्ता, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-02-2024**, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : डीआरएम कार्यालय हटिया के सर्कुलेटिंग एरिया की समुन्नति एवं डीआरएम कार्यालय में शाखा अधिकारियों के चेंबरों की समुन्नति। **निविदा मूल्य:** रु.1,04,44,567.22, **बयाना राशि:** रु.2,02,200/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** उपर्युक्त निविदा के लिए दिनांक 02.02.2024 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003 **(PR-1018)**

## शहर में 22 जनवरी को निकलेगा भव्य शोभा यात्रा : श्री राम सेना

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रामगढ़ :** श्री राम सेना,रामगढ़ के द्वारा 11 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गयाद्य जिसमें अगमी 22 जनवरी को होने वाला भव्य शोभा यात्रा की जानकारी दी गईद्य जिला अध्यक्ष विशाल जायसवाल ने कहा रामगढ़ जिला फिर से एक नया अध्याय लिखने से तैयार है द्य श्रीराम सेना के बैनर तले एक भव्य शोभायात्रा सिद्धू कानू मैदान से दोपहर 1 बजे से निकाला जाएगाद्यइस शोभा यात्रा में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध ढोल,मंदिर का प्रारूप, श्री राम जी की झाकी एवं झारखंड संस्कृति के साथ शोभायात्रा निकलेगी द्य वही संगठन के सचिव नीरज मोदी ने रामगढ़ के तमाम हिंदू भाइयों एवं बहनों से इस शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। कोषाध्यक्ष प्रवीण डांगी ने कहां यह संगठन इस ऐतिहासिक दिन को और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरा प्रयास कर रही है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम-रंजनी कुमारी, उम्र-लगभग 21 वर्ष,**

उपरोक्त लापता महिला रंजनी कुमारी, पति-जितवाहन गंझु, सा0-विरसा चौक धमधमियाँ, थाना-मक्लुस्कीगंज, जिला-राँची जो दिनांक-23.12.2023 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में मैक्लुस्कीगंज थाना सनहा सं0-16/23, दिनांक-24.12.2023 दर्ज कर इनकी खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी, राँची, -9431742777
थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज, राँची। -9431706568

**वरीय पुलिस अधीक्षक,**
**राँची**

PR 315794 Police(23-24).D

**झारखण्ड सरकार**
**उद्योग विभाग**
**हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय**
**उद्योग भवन, 3rd floor, रातू रोड,रांची-834001**

**निविदा सूचना**

हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, झारखण्ड राँची के अधीन विभिन्न रेशम केन्द्रों में तकनीकी कार्यबल (परियोजना प्रबंधकों एवं परियोजना सहायकों) की सेवा उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न आउटसोर्सिंग एजेंसियों से https://gem.gov.in/ पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

2. निविदा दस्तावेज (Additional Termes & Conditions (ATC) आदि के साथ) वेबसाईट https://gem.gov.in/ से Download किया जा सकता है।
3. ई-निविदा केवल online दिनांक - 31.01.2024 को अपराह्न 6:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक - 01.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति ) के समक्ष खोला जायेगा।
4. निविदाता को तकनीकी एवं वितीय बिड online अपलोड करना होगा। जिन निविदाताओं का तकनीकी बिड निविदाता समिति (क्रय समिति) द्वारा स्वीकृत किया जायेगा, उन्ही निविदाताओं के वितीय बिड विचारणीय होंगे।
5. निविदा की शर्ते एवं तकनीकी/वितीय बिड का प्रारुप कार्यालय के सूचना पट एवं वेबसाईट https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य जानकारी हेतु कार्यालय के दूरभाष सं0 0651.2281111 एवं Email id- jdsericulture@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/-
उप उद्योग निदेशक,
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प,
झारखण्ड, रॉची।

PR 315730 (Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft) 23-24 (D)

**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ**

**कार्यालय आदेश**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़, अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होंने अभी तक अपने व्यवसाय का Trade Licence नहीं बनवाया है या नवीकरण नहीं कराया है एवं वैसे मकान मालिक जिन्होंने अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का Holding Tax अबतक जमा नहीं किया है या गलत तरीके से Assessment कराया है या कई वर्षो से Holding Tax का बकाया राशि अबतक जमा नहीं किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी एवं व्यापारी वर्ग को निदेश दिया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर Trade Licence/Holding Tax नगर परिषद्, रामगढ़ के कार्यालय में स्वतः जमा करें, अन्यथा जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली नगर परिषद्, रामगढ़ द्वारा की जायेगी, जिसके लिए नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग/आवासीय एवं गैर आवासीय मकान मालिक स्वयं जिम्मेवार या दोषी होंगे।

अतः सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर Ritika Printech Pvt. Ltd. से या रामगढ़ नगर परिषद् कार्यालय से संपर्क कर अपना Trade Licence/Holding Tax का ससमय भुगतान करना सुनिश्चित करें। उक्त संदर्भ में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर Helpline Number नगर प्रबंधक - 6393812374 एवं कर संग्रहणकर्ता -8294623931 से संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद्, रामगढ़**

PR 315710 District (23-24)_D

## सहायक उपकरण वितरण हेतु दिव्यांगता जांच शिविर 12 जनवरी 2024 को



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड - सेल कोलियरी डिवीजन चासनाला के तत्वावधान मे चासनाला अस्पताल के प्रांगण में 12 जनवरी 2024 को दिव्यांकता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी उम्र के दिव्यांग जनों के लिए जैसे सेरेब्रल पाल्सी, शरीरिक दिव्यांग, मूक बधिर दिव्यांग व नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों का जांच किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि जांच के बाद चयनित दिव्यांग जनों को आवश्यकता अनुसार व्हीलचेयर, द्ग मोटर ट्राईसाईकल, ट्राईसाईकल, सी पी चेयर, बैशाखी, कान की मशीन, ब्लाइंड स्टीक आदि निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इसके लिए दस्तावेज के साथ रजिस्ट्रेशन कराना होगा। शिविर मे दिव्यांगता प्रमाण पत्र आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य है। शिविर सुबह 10:00 बजे से शुरू होगा।

## 27वां यूथ महत्वस में गिरिडीह से प्रतिनिधित्व करेंगे दीपक



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 27वां युवा महत्वस महाराष्ट्र के नाशिक में 12 से 16जनवरी को आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में देश भर के युवा भाग लेंगे मुख्य रूप से इस युवा महत्वस को नेहरू युवा केंद्र( भारत सरकार खेल मंत्रालय) के द्वारा आयोजित किया गया है सरिया प्रखंड के बागोडीह निवासी छात्र नेता वर्तमान मैं राष्ट्रीय युवा स्वसेवक दीपक साव 24वां यूथ महत्वस में भाग लेने हेतु नाशिक गए है दीपक नें अपनी ख़ुशी जाहिर करते हुवे कहा की यह कार्यक्रम मैं मुझे प्रतिनिधित्व करने हेतु चुना गया इसके लिए मै नेहरू युवा केंद्र, गिरिडीह तथा जिले के डीवाईओ रवि सर को धन्यवाद देता हुँ यह कार्यक्रम के माध्यम से मुझे लघु भारत के दर्शन के साथ साथ देश के विभिन्न युवा साथियों के साथ अपना विचार आदान प्रदान करने का मौका मिलेगा यह कार्यक्रम मेरे जीवन के लिए एक पॉजिटिव एनर्जी का भी कार्य करेगा इस यूथ महत्वस में गिरिडीह जिले से मुझे तथा छात्रा बहन दीपा कुमारी को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु भेजा गया है।

## उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पेशम में आयोजित की गई सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पेशम में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं ड्रॉप आउट पर पूर्णत अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को ग्राम पेशम में सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत प्रसाद वर्मा, पंचायत के मुखिया रागिनी सिन्हा, विद्यालय के शिक्षक गण, मुखिया प्रतिनिधि मनीष सिन्हा, विद्यालय के सैकड़ों बच्चों सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अग्निवीरवायु में भर्ती के लिए 17 जनवरी से 6 फरवरी तक कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय वायुसेना ने अग्निवीरवायु 01/2025 में भर्ती की तारीख की घोषणा कर दी है। भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन 17 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से 6 फरवरी 2024 को रात 11 बजे तक किया जा सकता है। भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन आधिकारिक वेबसाइटhttps://agnipathvayu.cdac.in पर रिलीज़ किया गया है। 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 तक (दोनों तिथि को लेकर) जन्मे उम्मीदवार भारतीय वायु सेना के अग्निवीरवायु भर्ती 01/2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## यूजी सेमे 3 की परीक्षा पत्र भरने की तिथि बढ़ाई जाए : एनएसयूआई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को यूजी सेमेस्टर 3 की परीक्षा पत्र भरने की तिथि बढ़ाई जाने की बात को लेकर एनएसयूआई धनबाद नगर अध्यक्ष सन्नी सिंह एवं पीके राय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह अपने साथियों एवं छात्रों के साथ विश्वविद्यालय पहुंच कर एग्जाम कंट्रोलर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नगर अध्यक्ष सन्नी सिंह ने छात्रों की बात रखी और कहा बहुत से छात्रों का फॉर्म फिलअप के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ा और अब विश्वविद्यालय के आदेशानुसार जिन छात्रों का सेमेस्टर 1 और सेमेस्टर 2 को मिलाकर 7 सब्जेक्ट में पास है उन्हें भी सेमेस्टर 3 में प्रमोट करने का आदेश जारी किया गया है। वह छात्र-छात्राओं ने भी अब तक परीक्षा पत्र नहीं भरा है वैसे छात्रों को बिना विलंब शुल्क लिए फॉर्म फिल्लप करने का मौका दिया जाना चाहिए। एग्जाम कंट्रोलर सुमन बरनवाल ने मामला जानने के बाद बताया कि वह जल्द ही इस मामले पर विचार कर नोटिस जारी करेंगे। मौके पर नगर अध्यक्ष सन्नी सिंह, पीके राय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, नगर उपाध्यक्ष सुंदर, पीके राय महासचिव आयुष एवं मीडिया प्रभारी पीयूष कुमार मौजूद थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के प्रतिष्ठित स्कूल डीएवी,सीएफआरआई में आज सुबह की प्रार्थना सभा में विभिन्न शैक्षणिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रतिभा प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रभावशाली प्राचार्या महुआ सिंह ने की।

# सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान का शुभारंभ

### सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान में बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों ने आभियान में हिस्सा लिया

**उपायुक्त ने बंगाली बालिका मध्य विद्यालय गिरिडीह से इस अभियान की शुरुआत की, बच्चों को विद्यालय आने हेतु किया प्रोत्साहित।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** जिले के सभी सरकारी 3158 विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने, उन्हें प्रतिदिन समय पर विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में आज उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बंगाली बालिका मध्य विद्यालय गिरिडीह से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एपीओ एडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी द्वारा भी भाग लिया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ÷सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ÷ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान एकदिवसीय, साप्ताहिक या पखवाड़े के रूप में न होकर सालों भर निरंतर रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य है कि बच्चें प्रतिदिन कुछ उद्देश्य के साथ कुछ बेहतर करने का प्रयास करें। शिक्षक अभिभावक बैठक में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों की काउंसलिंग की जाए कि वह प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय समय पर भेजें। बच्चे स्वयं तैयार होकर अपना बैग लेकर जब विद्यालय के लिए निकले तो सिटी बजाते हुए अपने साथ अपने मित्र अपने छोटे बड़े भाई-बहन जो किसी न किसी स्कूल में नामांकित हैं, उनको अपने साथ विद्यालय चलने के नए जोश उमंग एवं ऊर्जा के साथ प्रेरित करें। इसके अलावा उपायुक्त महोदय द्वारा अल्बर्ट आइंस्टीन का कथन दोहराते हुए बच्चों को बताया कि शिक्षा तथ्यों या जानकारी को याद रखने की कला नहीं बल्कि अपने मस्तिष्क और शरीर अभ्यास करने प्रशिक्षित करने की कला है।

**एक भी बच्चा छुटे ना, ये संकल्प हमारा टूटे ना**

# 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह की साइबर थाना पुलिस ने एक बार फिर साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए बेंगाबाद थाना क्षेत्र से 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अपराधियों में फिरोज अंसारी, अनिल कुमार मंडल, बबलू कुमार, बंटी कुमार, आशीष मंडल, अंकित कुमार शामिल है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 11 मोबाइल, 15 सिमकार्ड, 4 एटीएम, 3 पासबुक, 3 पैनकार्ड, 2 आधार कार्ड बरामद किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तो ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे एयरटेल पेमेंट बैंक के कर्मी बनकर और लोगों को अश्लील विडियो भेजकर ठगी करने का काम करते थे।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी विस्तारित प्रदेश कार्य समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रांची स्थित मोराबादी संगम गार्डन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी विस्तारित कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासहिव सह झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने बताया कि शीघ्र ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड का दौरा कर एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्य समिति के सदस्यों से आवाहन किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक आम जनमानस को इस जनसभा में शामिल करें। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्षगण, विधायकगण, झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, महामंत्री विजय सिंह, महामंत्री मदन महतो, रवींद्र वर्मा, शमशेर आलम, रामप्रीत यादव, धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि मनोज यादव, मुख्तार खान, सरफुद्दीन अंसारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# 1.11 करोड़ की लागत से तालाब जीर्णोद्धार व 2.75 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क, विधायक ने किया शिलान्यास




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** प्रखण्ड के कुसमाडीह पंचायत मे 1.11करोड़ की लागत से तालाब जीर्णोद्धार और 2.75 करोड़ की लागत से बनने वाली सडक का बगोदर विधायक विधायक विनोद सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया, इस दौरान बगोदर विधायक विनोद सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुवे कहा की 2015 से 2020 तक डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी एक सडक तक नहीं बना पाये, यहाँ की जनता ने फिर से हमें जनप्रतिनिधि चुना तब से लगातार यहाँ के लोगो के सपनों को साकार करने मे लगा हूँ, विकास की गति एक समय थम गई थी कोरोना काल के बाद फिर रफ़्तार पकड़ी है, यहाँ के लोगो के द्वारा खेती के लिये पानी की समस्या से अवगत कराया था और इस समस्या का समाधान हो गया है इस पंचायत के लोग अधिकतर खेती पर निर्भर रहते है इस तालाब का जीर्णोद्धार के बाद इस तालाब मे पानी रहेगा और लोग खेती मे इसका उपयोग कर सकेंगे साथ ही सडक बन जाने से लोग आसानी से पीरटांड डुमरी और गिरिडीह जा सकेंगे। कार्यक्रम मे जीप सदस्य लालमणि यादव, मुखिया पंकज महतो, पंसस राजेंद्र यादव, मनोज पाण्डेय, पूरन महतो, रंजीत यादव,बासुदेव पंडित समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# एनआई कार्य के कारण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद खण्ड के दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इण्टरलॉक एवं नान इण्टरलॉक कार्य किया जाना है। इस कारण इस रेलखंड से गुजरने वाली निम्नलिखित ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा -

ऽ वाराणसी-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1. दिनांक 15.01.24 से 19.01.24 तक हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 13009 हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेष दून एक्सप्रेस
2. दिनांक 15.01.24 से 19.01.24 तक धनबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 13307 धनबाद-फिरोजपुर कैंट गंगा सतलूज एक्सप्रेस
3. दिनांक 15.01.24 से 19.01.24 तक कोलकाता से खुलने वाली गाड़ी सं. 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस
4. दिनांक 15.01.24 एवं 17.01.24 को टाटा से खुलने वाली गाड़ी सं. 18103 टाटा-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस
5. दिनांक 15.01.24 को गुवाहाटी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15636 गुवाहाटी-ओखा द्वारका एक्सप्रेस
6. दिनांक 17.01.24 को कामाख्या से खुलने वाली गाड़ी सं. 15668 कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस

ऽ लखनऊ-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-वाराणसी के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1. दिनांक 15.01.24 से 19.01.24 तक हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 13010 योगनगरी ऋषिकेष-हावड़ा दून एक्सप्रेस
2.दिनांक 15.01.24 से 19.01.24 तक फिरोजपुर कैंट से खुलने वाली गाड़ी सं. 13308 फिरोजपुर कैंट-धनबाद गंगा सतलूज एक्सप्रेस
3. दिनांक 19.01.24 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस
4. दिनांक 12.01.24 17.01.24 एवं 19.01.24 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18104 अमृतसर-टाटा जलियांवाला बाग एक्सप्रेस
5. दिनांक 16.01.24 को भगत की कोठी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15623 भगत की कोठी-कामाख्या एक्सप्रेस

ऽ वाया सुलतानपुर-लखनऊ के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1. दिनांक 16.01.24 एवं 19.01.24 को किषनगंज से खुलने वाली गाड़ी सं. 15715 किषनगंज-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग शाहगंज-जौनपुर-सुलतानपुर -लखनऊ के रास्ते चलायी जायेगी ।

# सड़क दुर्घटना एक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के पंचायत बेरहाबाद, गांव बाराडीह के युवा पप्पू यादव उम्र 21 वर्ष का रोड़ ऐक्सिडेंट में मौके पर ही मौत हो गया , उसके पिता जय नारायण यादव ने पप्पू यादव के बारे में बताया कि हमारे पुत्र दवा लेने के लिए पचम्बा जा रहा था इसी दौरान घर से निकला और कुछ ही दूर गया होगा तब ही खबर आया की पीछे से आ रही मारुति सुजुकी ने खावा के पास मेन रोड में बाइक से जा रहे पप्पू को जोरदार धक्का मार कर वह फरार हो गया, आस पास के लोग जब तक वहां पहुंच तो देखा कि वह बुरी तरह से घायल था और मर चुका था मौके पर पचम्बा थाना को जानकारी मिली तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचा और लाश को कब्जा में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर भेज दिया और मारूति सुजुकी गाड़ी के तलाश में जुट गया, वहीं खबर मिलने पर समाजसेवी सुरेन्द्र यादव घटना स्थल पर पहुंच कर मुत्य परिवार वालों का ढांढस बंधाया और हर सम्भव प्रशासन से मदद दिलाने की बात कहीं।

# तस्कीन को क्लैट के इंट्रेंस एग्जाम में झारखंड में 10वां स्थान, नवजवान एकता फाउंडेशन ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया के ऊपरकुल्ही की रहने वाली छात्रा तस्कीन ने लॉ की पढ़ाई के लिए क्लैट द्वारा आयोजित इंट्रेंस एग्जाम में झारखंड में 10 वां स्थान प्राप्त किया है। इससे नेशनल लॉ विश्वविद्यालय रांची में उसका नामांकन हो सकेगा। तस्कीन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व दादी को दिया है। बताया कि उसने दसवीं कॉर्मल स्कूल डिगवाडीह से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं 12वीं की पढ़ाई कॉर्मल स्कूल धनबाद से कर रही है। उसके पिता मो जावेद अख्तर व्यवसायी हैं, मां डॉ मीनू अख्तर बोकारो स्टील सिटी कॉलेज की प्रोफेसर हैं। मां न केवल राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित हैं, बल्कि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में इंडिया प्राइम वूमेन आइकॉन अवार्ड 2022 से नवाजा गया है। तस्कीन कराटे में ब्लैक बेल्ट है। उसने बताया कि घर का शैक्षणिक माहौल को देखते हुए वह जज बनना चाहती है। वहीं इस खुशी के मौके पर नवजवान एकता फाउंडेशन के बोर्ड ऑफ मेंबर, मो जफर हुसैन, मो आजाद, सचिव मो शाहनवाज एवं समाज के लोगों ने तस्कीन को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# सेंट्रलपिट में दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद, पुलिस ने संभाला मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सेंट्रलपिट में दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया. विवाद इस कदर बढ़ गया की देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोगों ने पथराव करना शुरू कर दिया. घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया हालांकि जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस पदाधिकारियों को मिली तो पूरी पुलिस फोर्स की टीम मौके पर पहुंचकर पथराव कर रहे दोनों पक्ष के लोगों को खदेड़ कर भगा दिया. **क्या है घटना :-** सेंट्रलपिट में बुधवार की रात को दुर्गा मंडप के समीप एक युवक मोबाइल पर बात कर रहा था, इसी बीच कुछ युवकों ने उक्त युवक को मोबाइल पर बातचीत करने से मना कर दिया, इसी बात को लेकर फिर से स्कॉर्पियो पर सवार होकर कुछ युवक मौके पर पहुंचे और फोन पर बात करने से मना करने वाले युवक को उठा कर ले गए. इसी के बाद मामला बढ़ गया. इसी विवाद को लेकर गुरुवार को पंचायत होने वाली थी और पंचायत के दौरान ही अचानक दोनों पक्ष के लोगों के बीच पथराव शुरू हो गई. फिलहाल स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया है. मौके पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश महतो, मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी, पचंबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह, इंस्पेक्टर श्याम महतो समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान कैंप किए हुए हैं।

### नगर आयुक्त से मिला कांग्रेस व्यापार उद्योग प्रकोष्ठ का प्रतिनिधिमंडल

# शहर के विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को धनबाद नगर निगम के आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया कर रहे थे। सर्वप्रथम उन्होंने नए साल को लेकर उन्हें बधाई दी। इसके बाद उन्होंने धनबाद शहर की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक विज्ञापन उन्हें दिया। ज्ञापन में इस बात की सराहना की गई कि धनबाद शहर में पानी की कमी को देखते हुए आपूर्ति को 50 से बढाकर 65 एमएडडी देने के साथ विभिन्न जगह पर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का आदेश उन्होंने दिया है। बाद में उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें पुराना बाजार टेलीफोन एक्सचेंज रोड का जहां-जहां वॉटर पाइपलाइन लीकेज है उसे ठीक करने, शहर के दक्षिणी छोर के लोगों के लिए मॉर्निंग वॉक के लिए इस्तेमाल होने वाले क्षेत्र में व्यवधान को दूर करने, सड़क वार्ड नंबर 33 में अनुग्रह नगर धनसर स्थित पंचायत भवन जो नगर निगम के अधीन आता है, इसमें सरकारी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र जो खुला है उसमें चारदीवारी को ठीक करने, यहां का दरवाजा चोरी चले जाने की स्थिति में सरकारी संपत्ति की देखरेख, यहां अटल मोहल्ला क्लीनिक खोलने, उक्त क्लिनिक का लाभ वार्ड नंबर 31, 32 तथा 33 को मिल पाए, तीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग से वर्षों पुराने मार्केट के दुकानदारों को मुक्त करने तथा जिनका रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है उसको डेढ़ गुना होल्डिंग टैक्स से राहत दिलाने संबंधी मांगे शामिल है।

# सरिया : प्रमुख ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख प्रीति कुमारी के द्वारा बिरसा कृषि रथ को हरा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस बिरसा कृषि रथ के माध्यम से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी इसके साथ-साथ सरकार के द्वारा की गई कार्यों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से नई तकनीक से खेती करने को लेकर किसानो के बिच जागरूकता लाने, के सी सी ऋण आदि को लेकर प्रचार प्रसार करने का काम करेगा।

### युवाओं और आज के बच्चों के बल पर भारत को बनाएंगे विकसित राष्ट्र : अर्जुन मुंडा

# किसानों के लिए योजना बनाएं अधिकारी, पैसों की नही होगी कमी : अर्जुन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड के खिजरी ब्रिलियंट स्कूल परिसर में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर केंद्रीय कृषि मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया साथ ही मंच पर मौजूद सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने गुलामी की मानसिकता से निकलने का संकल्प दिलाया।साथ ही उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार अनेक जन कल्याणकारी योजना चल रही है जिसका लाभ हम सबों को उठाना चाहिए प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है कि आप सबों के माध्यम से 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प है आज प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला योजना आयुष्मान भारत योजना किसान सम्मन निधि मुद्रा लोन प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना हर घर नल योजना जैसे अनेक योजना के माध्यम से जनता उन्नति की राह पर चल चुकी है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प ले चुकी है गांव स्तर तक इन सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो यह गांव वालों को जागरुक होकर देखना है सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को जागरूक होना होगा, आज के युवाओं एवं बच्चों के बल पर हम भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाएंगे, प्रधानमंत्री का सपना है विकसित भारत का देश जन भागीदारी के साथ आगे बढ़ाना है गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलना है भारत की दंड संहिता के बदले न्याय संहिता के माध्यम से हर किसी को न्याय मिले यह मोदी जी का सपना है सिमडेगा एवं खूंटी लोकसभा की जनता को गर्व होना चाहिए की बिरसा मुंडा की धरती की मिट्टी को अपने माथे पर लगाकर प्रधानमंत्री जी ने पूरे भारत को आवाहन किया कि हमें मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

## विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर गांव पहुंचा मजदूर प्रफुल्ल टोप्पो का शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** काम की तलाश में गोवा जाने के क्रम में महाराष्ट्र में फांसी के फंदे में झूलते मिले मजदूर प्रफुल्ल टोप्पो का शव देर रात विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर पालेडीह के महकुर टोली गांव पहुंचा। जहां मृतक के शव का दफन क्रिया सम्पन्न हुआ। उनका शव गांव पहुंचते ही पूरा गांव उमड़ पड़ा। सभी के आंखों में गांव के जवान बेटे को खोने के गम साफ साफ दिख रहा था। इधर मजदूर का शव गांव पहुंचने पर न सिर्फ मृतक मजदूर के परिजन बल्कि गांव के सभी लोगों के विधायक भूषण बाड़ा के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों का कहना था कि अगर विधायक भूषण बाड़ा पहल नहीं किये रहते तो वे लोग मजदूर का शव गांव नहीं ला पाते। विधायक ने मानवता का जो परिचय दिया है वह काबिले तारीफ है। ग्रामीणों ने कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष अजित लकड़ा के प्रति भी आभार जताते हुए कहा कि अजित लकड़ा ने विधायक तक सूचना पहुंचाते हुए हर पल शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े रहे।

## 3500 रुपया किसानों को देने का निर्णय सरकार का स्वागतयोग्य कदम : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की इंडिया गठबंधन सरकार ने कल कैबिनेट की बैठक में राज्य के 17 जिलों के 158 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखाड़ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत के तौर पर 3500 प्रति किसान को अनुग्रहित राशि देने का लिया गया निर्णय का लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने स्वागत करते हुए कहा कि यह सरकार का स्वागतयोग्य कदम है इससे किसानों को काफी राहत मिलेगा। श्री साहू ने कहा कि इस वर्ष लोहरदगा जिला में वर्षा काफी कम हुआ है जिसके कारण जिले में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसान परेशान है ।जिले के हजारों किसान बैंकों सहित कई स्थानों से लोन लेकर बीज बोए थे ।वर्षा कम होने के कारण फसल काफी कम हुआ है इसके लिए किसान काफी परेशान है। सरकार के इसने निर्णय से किसानों को राहत मिलेगा। झारखंड सरकार ने यह भी निर्णय लिया कि वैसे किसान जिनकी फसल कम वारिस की वजह से 33त्न तक क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें भी इनपुट अनुदान का राशि का भुगतान किया जाएगा। झारखंड सरकार एक संवेदनशील सरकार है जो सभी वर्गों का ख्याल रखती है। श्री साहु ने इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी से वार्ता किये। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया की राशि मिलते ही किसानों के खातों में राशि भेज दी जाएगी।

## मादा पशुओं में भी बांझपन होता है : सुशील प्रसाद



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँड़ू पंचायत अन्तर्गत डाँड़ू ग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत सरकार के पशुपालन व डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के तत्वधान में पशुधन जागृति अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में पशु चिकित्सा महाविद्यालय राँची के प्रचार्य अधिष्ठाता डॉ.सुशील प्रसाद,डॉ.बसंत कुमार,डॉ.थानेश उराँव, डॉ.बच्चन कुमार, डॉ.उमेश कुमार उपस्थित थे। शिविर में पशुओं का बांझपन व गोबर जांच कर गोपालक किसानों के बीच मुफ्त में दवा वितरण किया गया। मौके पर मौजूद प्रचार्य डॉ. सुशील प्रसाद ने कहा कि जिस तरह आदमी में बांझपन की शिकायतें होती है। उसी तरह से गाय,भैस सहित अन्य मादा पशुओं में भी बांझपन की शिकायतें होती है। साथ ही कहा कि गोपालक या किसान जहाँ पशुओं को रखते हैं उस स्थान को साफ सुथरा रखें और जब मवेशी बीमार होता है तो तुरन्त ही पशु चिकित्सकों से परामर्श ले कर इलाज करायें। वही डॉ.बसंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना भारत सरकार की है इस योजना के अन्तर्गत देश के सभी आकांक्षी जिला में शिविर आयोजित कर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिस निमित सभी जिला में दो दो बार का आयोजन किया जाता है। लोहरदगा जिला के अन्तर्गत दूसरे चरण में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डाँड़ू ग्राम में शिविर आयोजित किया गया है। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी श्रीकांत बरगूदे,प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ.अरुण कुमार,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह,भ्रमण शील पशु चिकित्सक अमर दिप तिग्गा के अलावे शशि कुमार,ओसिक अंसारी,सुशील कुमार, बाबुसाहेब सिंह,सहित अन्य सैकड़ो पशुपालक किसान उपस्थित थे।

# बीडीओ की अध्यक्षता में ब्लाक लेबल बैंकर्स समिति के साथ हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 जनवरी बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष मे ब्लाक लेबल बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक मे मुख्य रूप से अग्रणी जिला प्रवंधक (एलडीएम) निवेन्दू कुमार प्रखंड मे संचालित सभी बैंक के अधिकारी व भीएलई के उपस्थिति मे एलडीएम ने बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि पीएम सम्मान निधि के लाभार्थी कृषक को शत प्रतिशत केसीसी योजना के लाभ से लाभान्वित व आच्छादित करना है, इसके तहत प्रखंड के सभी ग्रामो मे ग्राम सभा के माध्यम से केसीसी योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित करने को लेकर बैठक में चर्चा की गई। वही इस अवसर पर प्रविपदा0 पवन कुमार महतो ने कहा कि ब्लाक और बैंक के बीच सामन्जस्य आवश्यक, लक्ष्य के अनुरुप योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगो देने हेतू ब्लाक से स्वीकृत की गई आवेदन को बैंक कर्मी शीघ्रतापूर्वक स्वीकृत आवेदको को पहुँचाये लाभ। मौके बैठक मे उपरोक्त अधिकारियो के अलावा अग्रणी जिला प्रवंधक कार्यालय के अधिकारी निशांत सिंह, झारखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रवंधक निशा कुमारी, बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रवंधक रवि कुमार झा, भीएलई अर्शद अंसारी इत्यादि बीएलबीसी के बैठक में उपस्थित थे।

## जन समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेगी आजसू : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी ने जिले, प्रखंड एवं नगर के पदाधिकारी एवं युवाओं के साथ एक बैठक गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका बैंकट हॉल में संपन्न हुई। इस बैठक में सभी प्रखंडों एवं नगर के पदाधिकारी एवं युवा गण उपस्थित हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन का विस्तार करने एवं जिले में व्याप्त जन समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई, पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है लेकिन इन समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। बैठक को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत ने कहा की लगातार संगठन का विस्तार हम लोगों के द्वारा किया जा रहा है, आने वाले समय में पंचायत स्तर पर एवं ग्राम स्तर पर संगठन का और विस्तार किया जाएगा, श्रीमती भगत ने कहा की जन समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी अब सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का कार्य करेगी। बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, केंद्रीय सदस्य परमेश्वर भगत, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी सहित अन्य लोगों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## सिटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के तहत डाअना +2 उच्च विद्यालय द्वारा निकाली गई रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 जनवरी गुरुवार को डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय कैरो के द्वारा प्रधानाधयाप्क गणेश शास्त्री एवं विद्यालय के शिक्षक छात्र-छात्राओ के द्वारा प्रखंड मुख्यालय कैरो, उतका, नयाटोली मे सिटी बजा-बजा कर सिटी बजाओ, उपस्थिति बढाओ अभियान के तहत निकाली गई प्रभातफेरी। उक्त अवसर पर प्रधानाधयाप्क गणेश शास्त्री ने बताया कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्र एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी सरकारी विद्यालयों मे छात्रो की उपस्तिथि बढ़ाने को लेकर समाज के सभी अवयव को लेकर अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त है। उसी के निमित आज गुरुवार सिटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के तहत प्रभातफेरी निकाली गई। मौके पर आज के उक्त प्रभातफेरी मे प्रखंड 20 सुत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, विद्यालय के शिक्षक आनन्द कुमार दुबे, राजीव पांडे, नईम अंसारी, बिनीत कुमार, पवन कुमार भगत, राजेश साहू, आलोक कुमार पाठक, संध्या मुक्ति केरकेट्टा, मसाद खँदा, अणिमा एक्का, सोनामणि बखला, सुनील पन्ना, नवीन बाड़ा इत्यादि शिक्षक अभियान मे उपस्थित थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने फीता काट एच एस मेडिकल का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चरिमा मे 11 जनवरी गुरूवार को शहादत मोड़ के समीप एच एस मेडिकल का उद्घाटन के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार एवम विशिष्ट अतिथि एम बी बी एस गोल्ड मेडलिस्ट रिम्स डॉक्टर आकाश कुमार के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि ने बताया कि इस तरह से मेडिकल खुलना हमारे ग्रामीण क्षेत्र में बहुत ही बड़ी उपलब्धि है और साथ ही हमारे छोटे-बड़े गांव की जरूरत लोगों की अच्छी सेवा उपलब्ध हो पाए। आज एच एस मेडिकल में डॉक्टर आकाश कुमार के द्वारा ग्रामीणों को निशुल्क जांच किया गया और साथ ही उनकी समस्याओं को बताया गया जिसमें ग्रामीण अधिक संख्या में लाभ लिए प्रखंड अंजुमन सेक्रेटरी समीर अंसारी ने बतलाया कि इस तरह के गांव घर में दुकान खुलने से गरीब तबका के लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा और उचित मूल्य में ब्रांड कंपनी के दवाइयां मिलेगी जिससे हमारे गरीब कम पढ़ा लिखा लोग इस दुकान में ठगा महसूस नहीं करेंगे।

## सिमडेगा में जंगली हाथी के आतंक और उत्पात से ग्रामीण है परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के चीरोपानी गांव में हाथियों के दहशत से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों की परेशानी देख झापा नेता संदेश एक्का गांव पहुंचे और गांव में डेरा डाले हाथियों को खदेड़ने का कार्य शुरू किया। झापा नेता ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथियों को जंगल की ओर भागने का प्रयास कर रहे हैं। इधर झापा नेता संदेश एक्का ने हाथी भागने वाले ग्रामीणों के लिए जंगल में ही नाश्ते एवं भोजन का भी प्रबंध किया ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने वन विभाग के पदधारियो से ग्रामीणों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की भी अपील की। झापा नेता ने वन विभाग पर लापरवाही का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग के कर्मी और अधिकारी हाथियों को बढ़ाने के लिए नहीं आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहां की जिले के वरीय अधिकारी मामले पर संज्ञान लेते हुए वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों को स्पष्ट दिशा निर्देश देने का कार्य करें ताकि ग्रामीणों को हाथियों के कारण हो रहे नुकसान से निजात मिल सके। कहा कि जलडेगा, ठेठईटांगर, बानो, बोलबा, बांसजोर आदि प्रखंड के गांव हाथी के आतंक के कारण दहशत में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ग्रामीण के सहयोग के लिए 24 घंटे तैयार है। इधर झापा नेता के सहयोग पर ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

## बीपीओ ओपी रंजन की अध्यक्षता मे मासिक गुरुगोष्ठी का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 10 जनवरी बुधवार को प्रखंड संशाधन केंद्र भवन कैरो मे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश रंजन की अध्यक्षता मे किया गया मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन। बैठक मे परीक्षाफल वितरण, शिशु पंजी संधारण,15 वर्ष से अधिक उम्र के निरक्षरो का सर्वे करने, सभी कक्षाओं मे सभी विषयों का अनिवार्य रुप से पठन-पाठन का कार्य करने, इत्यादि विभाग से संबंधित अन्य विषयो पर गुरु गोष्ठी मे बीपीओ के द्वारा चर्चा किया गया। मौके पर आज के उक्त गुरुगोष्ठी मे प्रधानाचार्य अम्रेण्द्र कुमार केवल निरल लकड़ा, महाबीर उराँव, हरिण्द्न उराँव, ताजमौहम्मद अंसारी इत्यादी प्रधानाचार्य गुरुगोष्ठी मे उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटे खिलाड़ी आर्यन को किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडू के चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटे खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्कांडो प्रतियोगिता में आर्यन ने कांस्य पदक जीता है।आर्यन पहले मैच में जम्मू और कश्मीर को 2-0 से, दूसरे में उत्तराखंड को 2-0 से क्वार्टर फाइनल में विद्या भारती को 2-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं सेमीफाइनल में मणिपुर के खिलाड़ी के हाथों आर्यन पराजित हो गया था। बता दे कि आर्यन कुमार पाल लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र के चंदलासो का रहने वाला है और यह चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल का छात्र है। इसी को लेकर विद्यालय की तरफ से सम्मान समारोह का आयोजन कर खिलाड़ी को सम्मानित किया गया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव को भी डिवाइन पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से इस तरह की उपलब्धि के लिए मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया गया। इधर डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह ने बताया कि आर्यन खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी काफी होनहार हैं।साथ ही इतनी बड़ी प्रतियोगिता जिसमें एशियन गेम के खिलाडियों से सामना करके जीत हासिल करना बहुत बड़ी उपलब्धि है द्य साथ ही आर्यन पाल को उन्होंने बधाई एवं भविष्य में बेहतर करने की शुभकामनाएं दी द्य सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं रेशमी, सुनिता, समीर, सुनिता देवी, विद्या, मीना, पिंकी, सुलेखा, चांदनी, अश्रिता, मनीषा एवं भावना उपस्थित थे।

## वाहन जांच के दौरान दर्जनों गाड़ी से लगभग 26 हजार जुर्माना वसूला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना अनंतर्गत जोगना मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में हो रही वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से पुलीस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देशानुसार जिला सड़क परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित अन्य सभी वाहनों की जांच की गई। इस दौरान जिला सड़क परिवहन पदाधिकारी अमृतेश्वर गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दर्जनों बाइक से लगभग 26 हजार जुर्माना वसूला गया। जिसे वाहन मालिक परिवहन कार्यालय में जुर्माना राशि देकर चलान कटा सकते हैं। साथ ही मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। तथा चार पहिया वाहन के मालिकों को वाहन का कागज साथ में लेकर चलने के लिये सख्त चेतावनी दी गई। यातायात प्रभारी ए एस संतोष कुमार ने कहा कि आये दिन सड़क दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

### एसपी एवं डीईओ से मिले जिंगी हाई स्कूल के कराटे खिलाड़ी

# आज चैंपियनशिप खेलने औरंगाबाद महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे विद्यालय के 5 खिलाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के रा.उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के 5 खिलाड़ी आज महाराष्ट्र के औरंगाबाद में इंडिया मॉर्शल आर्ट शोतोकान कराटे डू फेडरेशन के सौजन्य से आयोजित कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। आज विद्यालय के कराटे खिलाड़ियों का दल प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां से मिलकर आशीर्वाद लिया। लोहरदगा जिला पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी खूब हौसलाअफजाई की। निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि जीत-हार खेल के दो पहलू हैं। अपनी ओर से पूरी लगन, मेहनत और समर्पण हो तो एक दिन सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि आप बेहतर प्रदर्शन करें, हम सम्मानित कर आपका हौसला बढ़ायेंगे। अपने कार्यालय कक्ष में बच्चों से मिलकर जिला शिक्षा पदाधिकारी काफी प्रसन्न हुई और उनके कुशलतापूर्वक यात्रा के साथ चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिले के सरकारी विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। हम सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं।खेल हो या शिक्षा किसी भी क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाकर उनके उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बूज्या पांडे, एपीएम दीपक झा, अभियंता रघुनंदन उरांव, कराटे कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### चलते चलते एक नजर

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया गर्म कपड़ों का वितरण



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सालों भर सक्रिय रहने वाली संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का सुदूरवर्ती गाँव में गर्म कपड़े और कंबल वितरण का अभियान जारी है। इसी क्रम में आज टीम वरदान सतबरवा के ठेमी गाँव पहुंची और वहां उपस्थित ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के बीच गर्म कपड़े, कंबल, नये स्वेटर और चूड़ा का वितरण किया गया। बहुत सारे बच्चों को नये स्वेटर और बच्चियों को नये फ्रॉक दिए गए। हमारे सहयोगी सुनील जी के बेटे दिव्यांशु रंजन के जन्मदिवस पर उनकी तरफ से कुछ स्वेटर बच्चों को दिए गए। कंबल वितरण में प्रसिद्ध व्यवसायी कृष्णा अग्रवाल का सहयोग रहा। स्थानीय स्तर पर समाजसेवी निर्दोष जी ने हमारे टीम की मदद की। वहां उपस्थित बुजुर्गों को सेनेटाइजर देते हुए स्वच्छता अपनाने के लिए टीम के सदस्यों ने प्रेरित किया। आज के इस अभियान में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा वरिष्ठ मेंबर श्रीमती राखी सोनी, विवेक वर्मा, श्रीमती ज्योति भाटिया और लक्ष्य श्रेष्ठ उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती की स्मृति में सांस्कृतिक संगोष्ठी का आयोजन

**रांची।** नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्र प्रथम के संयुक्त तत्वाधान में इस विचार गोष्ठी का आयोजन मोराबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में किया जा रहा है । 12 जनवरी 2024 को सुबह 10:30 बजे से आयोजित इस विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे जबकि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ मौजूद होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिंह करेंगे अश्वनी उपाध्याय वरिष्ठ कोर्ट उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता है जो राष्ट्रीय मुद्दों से जुड़े विषयों पर अच्छी समझ और पकड़ रखते हैं उनके व्याख्यान राष्ट्रीय स्तर पर भी होते हैं विशेष रूप से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे विषयों पर उन्होंने कई व्याख्यान दिए हैं उनको सुना रांची के लोगों के लिए पहला और अनूठा अनुभव होगा । आर्यभट्ट सभागार में ही कल राष्ट्रीय युवा दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उद्बोधन भी प्रसारित होगा अश्वनी उपाध्याय का यह कार्यक्रम सांसद संजय सेठ के आग्रह पर तय किया गया है । सांसद संजय सेठ ने इस कार्यक्रम को लेकर रांची शहर वासियों से विशेष रूप से युवाओं से बड़ी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है ताकि विकसित भारत के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से भी भारत मजबूत कैसे हो इस विषय को समझा जा सके।

# बालिका वर्ग के फाईनल में शांति निवास व सीनियर में बीपीडीएवी सेमी फाईनल में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास हाई स्कूल ने बालिका उच्च विद्यालय को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया वही। सीनियर वर्ग में बीपीडीएवी ने आरके पब्लिक स्कूल को रोमांचक मुकाबले में छह रनो से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग के पहले सेमी फाइनल में शांति निवास ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रुति और रिमझिम के 27 रनो की बदौलत छह विकेट खोकर 86 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बालिका उच्च विद्यालय की




टीम की शांभवी के 33 रनो की बदौलत 79 रन ही जुटा पाई। शांति निवास की और से श्रुति ने दो विकेट प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में बीपीडीएवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु के 43 ओर तरुण के 23 रनो के सहयोग से निर्धरित ओवर में आठ विकेट खोकर 114 रन बनाए। आरके पब्लिक स्कूल की और से तन्मय ने दो विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी। आरके पब्लिक स्कूल को अंतिम छह गेंद में 14 रन की जरूरत थी लेकिन आरके पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी छह रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के श्रुति और बीपीडीएवी के प्रियांशु को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, प्रतियोगिता के सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सियाराम शरण वर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे ने प्रदान किया।

# राज्य में सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ महाअभियान शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को सोशल मीडिया महाअभियान के साथ ही सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ अभियान की शुरुआत हो गयी। इस अभियान के पहले दिन राज्य के सभी 35,000 सरकारी स्कूलों के बच्चों ने सीटी बजाते हुए रैली निकाल कर सभी अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। बच्चों के साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और क्षेत्र के बुद्धिजीवी भी इस अभियान में शामिल हुए। इस महाअभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र छात्राये, अभिभावकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभायी। जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को इस महाअभियान का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस राज्यस्तरीय अभियान की सफलता पर मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन एवं सभी शिक्षा पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## पीएलएफआई सुप्रीमो का सहयोगी ईडी के पांच दिनों के रिमांड पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने मनी लांड्रिंग के आरोप में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से पूछताछ के लिए ईडी को पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी है। मामले में गुरुवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने रिमांड की मंजूरी दी। इससे पहले बुधवार को ईडी ने कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड मांगी थी। इस दौरान निवेश के अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है। इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए। इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था।एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने गढ़वा जिला के ग्राम पंचायत बेलचम्पा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर उद्घाटन किया। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के माध्यम से सखी मंडलों के बीच 24 लाख रुपए का चेक वितरण किया।पोषण अभियान कार्यक्रम के तहत बच्चों के गोदभराई कार्यक्रम में शामिल हुआ।साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें पलामू एवं गढ़वा के सभी पंचायतों में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम के तहत सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला



योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना।इसके साथ-साथ बेलचम्पा में श्री अयोध्या धाम से कलश में आए अक्षत को जनता के बीच वितरित किया।गढ़वा प्रखंड के ग्राम गांगी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री अरूण पाण्डेय के पिताजी की आकस्मिक निधन की सूचना पाकर उनके घर पहुंचा और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पलामू रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्री शंभू पासवान के पिताजी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुआ और श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, रामसरिख चन्द्रा, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश तिवारी,अनुज पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र, मुकेश चौबे, विजय चौबे, कामेश्वर सिंह, मुखिया श्रीमती सविता देवी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

# लातेहार : पुजीत अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हेरहंज (लातेहार) :** अयोध्या धाम स्थित श्री राम मंदिर निर्माण के अगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों मे काफी उत्साह है। इसी कार्यक्रम को बेहतर और सफल बनाने को लेकर अयोध्या से आये हुए पुजीत अक्षत और निमंत्रण पत्र को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,अखिल विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान मे प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड और घूरे गांव मे गुरुवार को घर घर और दुकान दुकान जाकर अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण कर सभी को आगामी 22 जनवरी को अपने अपने घरो मे मंदिरो मे जाकर दीपावली उत्सव मनाने के साथ भजनकीर्तन करने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम मे शामिल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह खंड




कार्यवाह रूपेंद्र जायसवाल ने कहा की हम सनातन धर्म के लोगो के लिए यह समय बहुत हीं हर्ष और उत्साह का है।500 वर्षो का सपना हम सनातन धर्म प्रेमियों का पूर्ण होने जा रहा है। 500 वर्षो के बाद हम सभी के मर्यादा पुरषोतम श्री राम अपने घर मे वापस आएंगे।इसलिये 22 जनवरी को अपने अपने घरो की साफ सफाई कर दीप जलाकर दीपोत्स्व मनाये। अक्षत वितरण कार्यक्रम मे शामिल महिला स्वयसेवको ने भी सभी से आग्रह किया की 22 जनवरी को घर और मंदिर मे दीप जलाकर भगवान श्री राम का स्वागत करे।और उनका गुणगान करे। जय श्री राम के जय घोष के साथ अक्षत वितरण निमंत्रण कार्यक्रम की शुरुवात श्री राम जानकी मंदिर से की गई। मंदिर के पुजारी भरत पांडे को पहला निमंत्रण दिया गया।उसके बाद श्री राम जानकी मंदिर से शुरु होकर साहू मुहल्ला,जायसवाल मुहल्ला,देवी मंडप होते हुए बस स्टैंड होकर देवी मंडप के पास सम्पन्न हुई।कार्यक्रम मे सुलेखा जायसवाल,प्रियंका जायसवाल, अंदिता जायसवाल पुष्पा देवी,मंजू देवी , रिंकी देवी , अनिता देवीभाजयुमो उपाध्यक्ष जितेश यादव, बृक्ष साहू,बजरंगी प्रसाद, गुड्डू साहू,समेत कई लोग शामिल थे।

## श्री श्याम मंदिर में 22 को होगी विशेष पूजा, 11 हजार लड्डूओं का लगेगा भोग

**रांची :** रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का विशेष महोत्सव पर कई धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। रामनगरी अयोध्या में 550 वर्षों के बाद 22 जनवरी को नए श्रीराम मंदिर में श्री रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने गुरुवार को बताया कि मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं को विशेष पोशाक पहनाकर दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। विशेष पूजन अनुष्ठान के बाद हवन का कार्यक्रम होगा। विशेष आरती कर 11,000 लड्डू का भोग अर्पित कर आतिशबाजी और दीपोत्सव मनाया जाएगा। 11,000 लड्डुओं का भवतों में वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अजय मारू और उपसंयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन से किया जाएगा।

# कसौधन वैश्य समाज का चुनाव मार्च में, बैठक में लिया गया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कसौधन वैश्य समाज का चुनाव मार्च माह में किया जाएगा। साथ ही फरवरी माह में चुनाव के पूर्व आम सभा आयोजित की जाएगी।

यह निर्णय गुरुवार को संघत मोहल्ला शिव मंदिर के प्रांगण में संपन्न समाज की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष उमेश कश्यप ने की।

बैठक में समाज के द्वारा विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को झंडोत्तोलन केदार नाथ कश्यप के द्वारा किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि वर्तमान कार्यकाल पूर्ण होने पर मार्च में होली से पहले समाज का चुनाव करा लिया जाएगा। इस अवसर पर कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के जिलाध्यक्ष उमेश कश्यप को प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर उन्हे बधाई दी



गयी। साथ ही अंग वस्त्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया।

मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि उन्हें जो दायित्व मिला है इसे वे तन-मन-धन से पुरा करेंगे। मौके पर समाज के संरक्षक पृथ्वीनाथ कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप, अमित कश्यप, मिथिलेश कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, वैवाहिक सलाहकार रंजीत कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, युवा टीम के अध्यक्ष उत्तम कश्यप, सचिव हर्ष सीटू, कोषाध्यक्ष अभिषेक कश्यप, गोपाल कश्यप, कृष्णा कश्यप, महेंद्र कश्यप, सुरेंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

# जब श्री राम आए हैं तो हनुमान भी आएंगे : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने श्री बागेश्वर सरकार के पलामू आगमनहेतु अनुमति के लिए रखी गई प्रशासनिक बैठक को महज औपचारिकता बताया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती अरुणा शंकर ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार के प्रभाव में अनुमति न देने की हर संभव प्रयास एवं शर्तें रख रहा है। जबकि उच्च न्यायालय ने 16 तारीख तक मुख्य सचिव झारखंड को शपथ दायर करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जितनी शर्तें पलामू जिला प्रशासन द्वारा बागेश्वर सरकार के कथा की अनुमति हेतु आयोजकों से रखी गई है। पिछले दो वर्ष में अगर पूरे झारखंड में किसी कथा के आयोजन में ऐसी शर्तें रखी गई है तो 16 तारीख तक साक्षय प्रस्तुत करें। प्रशासनिक बैठक में समिति के तरफ से उपस्थित हनुमन कथा समिति के सचिव दिना जी ने बैठक के बाद बताया कि हम सबों ने मुख्य शर्तें एवं कार्य योजना प्रशासन को पूर्व में ही दे दिया है। और उच्च न्यायालय में भी जमा किया है। जिसे देखने के बाद ही उच्च न्यायालय ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए प्रशासन से एफिडेविट फाइल करने को कहा है।आगर जिला प्रशासन और भी कोई शर्त रखना चाहती है तो लिखित रूप से दे। हम सब जिला प्रशासन और उच्च न्यायालय में जवाब दाखिल करेंगे। कथा समिति की संयोजक श्रीमती अरुणा शंकर ने कहा कि हमारा देश एक हिंदू बहूल राष्ट है। हम हिंदुओं का कथा कराना मौलिक अधिकार है। लेकिन यह हमारे देश के लिए दुर्भाग्य की बात है कि जहां हमारे ही भगवन श्री राम को अपने गर्भ गृह में लाने के लिए न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। हम हिंदुओं को कथा कराने के लिए न्यायालय की शरण में जाना पड़ता है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भगवान श्री राम का नाम लेते हुए कहा कि जब श्री राम गर्भ गृह में आ रहे हैं तो हनुमान भी आएंगे। वह तो पवनसूत हैं। उन्हें कौन रोक सकता है।कार्यक्रम के आयोजक मंटू जी, अतुल जी एवं धाम के प्रतिनिधि नितेश जी ने कहा हम सबों को उच्च न्यायालय पर भरोसा है। कथा की अनुमति अवश्य मिलेगा।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनसभा रामगढ़ में अब तीन फरवरी को

**रांची :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब तीन फ़रवरी को रामगढ़ आयेंगे। पूर्व में 21 जनवरी को नीतीश ज़ोहार विशाल जनसभा में शामिल होने रामगढ़ आना था। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने प्रदेश जदयू कार्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती है, उनके 100 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी इसे शताब्दी समारोह के रूप में मना रही है, इसके साथ ही 26 जनवरी के मद्देनज़र उनकी सरकारी व्यस्तता के कारण कार्यक्रम की तिथि बढ़ा दी गयी है। इस अवसर नीतीश ज़ोहार कार्यक्रम के संयोजक मधुकर सिंह, प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सागर उपाध्यक्ष डॉ आफ़ताब जमिल, संजय सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री योगी 14 जनवरी को अयोध्या से करेंगे स्वच्छता अभियान की शुरुआत

एजेंसी

**लखनऊ :** जिस प्रकार प्रतिवर्ष दीपावली से पहले हम साफ-सफाई और रंग रोगन के बाद अपने अपने घरों को आकर्षक झालरों और दीपों से सजाते हैं, ठीक उसी तर्ज पर योगी सरकार 22 जनवरी से पहले पूरे प्रदेश को चमकाने, सजाने और संवारने जा रही है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मकर संक्रांति से इस महा अभियान की शुरुआत करेंग। सीएम योगी अयोध्या से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसके बाद प्रदेश के हर गांव, हर नगर और प्रत्येक मोहल्ले में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर विकास और पंचायती राज विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।अयोध्या में होने जा रहे भव्य मंदिर के उद्घाटन और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से नगर विकास



विभाग और पंचायती राज विभाग के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। 14 जनवरी से शुरू होने जा रहे स्वच्छता के महाअभियान की कमान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। इसके बाद अगले 9 दिन तक प्रदेश के हर हिस्से में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यही नहीं, प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष सफाई अभियान की कमान संभालेंगे।अयोध्या में न केवल मुख्य मार्ग बल्कि रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट से मंदिर तक के मार्ग पर गंदगी और धूल को पूरी तरह से साफ करने के निर्देश हैं। इसके अलावा अयोध्या की प्रत्येक नालियों की सफाई, ड्रेनेज और यूटिलिटी डस्ट की सफाई के साथ ही बड़े पैमाने पर सफाई कर्मियों की टीम को लगाने के भी निर्देश हैं। इसमें 3800 पुराने और 1500 नये सफाई कर्मियों की तैनाती की जानी है। वहीं खाद् विभाग को निर्देश दिये गये हैं कि अयोध्या के सभी पेट्रोल पंप और ग्रीन कॉरिडोर पर मौजूद शौचालयों की रेगुलर जांच कर उनकी स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा नया घाट पर 1.37 किमी तक नदी पर बैरियर बनाकर राम की पैड़ी की सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

**सीएम योगी अयोध्या से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसके बाद प्रदेश के हर गांव, हर नगर और प्रत्येक मोहल्ले में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।**